बुधवार, 1 अप्रैल 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 21 – 31 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 05:29 | सूर्यास्त: 17:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



देश में प्रति उपयोगकर्ता मासिक मोबाइल डेटा खपत 31 जीबी से अधिक पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : वर्तमान जितना उत्तम होता है, भविष्य उतना ही उज्जवल होता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# पश्चिम एशिया युद्ध के बाद से निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

## सेंसेक्स 11.48% टूटा, 9,339 अंक से अधिक की गिरावट

**विदेशी निवेशकों ने मार्च में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाले**

**बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता से निवेशकों में जोखिम से दूरी**

**सेंसेक्स अपने उच्चतम स्तर से 16% से अधिक नीचे**

**कोविड-19 के बाद सबसे तेज बिकवाली का दबाव**

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ रुपये घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर



ने कहा, ''मौजूदा नरमी का कारण दुनिया में बढ़ी अनिश्चितता है, न कि बुनियादी कारण। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया में संघर्ष और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है।'' बीएसई सेंसेक्स अबतक के सबसे उच्चतम स्तर 86,159.02 अंक से 14,211.47 अंक यानी 16.49 प्रतिशत नीचे आ गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.15 प्रतिशत बढ़कर 117.46 डॉलर प्रति बैरल हो गया। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर होते रुपये के कारण विदेशी निवेशकों ने मार्च में घरेलू शेयर बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है, जो किसी एक महीने में अब तक की सबसे बड़ी निकासी है। बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा, संघर्ष शुरू होने के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है। यह 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक बाजार में आई उथल-पुथल के बाद से सबसे तेज है। इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मार्च, 2026 के दौरान भारतीय शेयरों में काफी बिकवाली की, जो हाल के समय में सबसे बड़ी मासिक पूंजी निकासी में से एक है। मुखर्जी ने कहा, ''इस बड़े पैमाने पर निकासी का प्राथमिक कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। इस तनाव ने वैश्विक अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है।'' शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम कारोबारी सत्र में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

## 'आर्टेमिस-2' के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी, 53 साल बाद चंद्रमा मिशन के लिए नासा की उलटी गिनती शुरू

**केप कैनवेरल (फ्लोरिडा) :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है। लगभग 32 मंजिला ऊंचा यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद 'ओरियन' कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा। यह मिशन चंद्रमा की कक्षा में उतरने के बजाय उसके चारों ओर घूमकर सीधे पृथ्वी की ओर लौटेगा। करीब 10 दिन की इस यात्रा का समापन प्रशांत महासागर में कैप्सूल के उतरने के साथ होगा।

# भाजपा अवैध मतदाताओं को शामिल करने की कोशिश कर रही है: ममता

## मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिहार, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अवैध मतदाताओं के नाम राज्य की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है ताकि चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना में एक चुनावी रैली में यह बात कही। उन्होंने रैली में अपनी अपील दोहराई कि जनता इस पर ध्यान न दे कि विधानसभा क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कौन हैं बल्कि उन्हें ही (ममता बनर्जी को) सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार मानें। तृणमूल प्रमुख ने कहा, '' कल अभिषेक (बनर्जी) ने मुझे बताया कि नए मतदाताओं को शामिल करने के लिए एक ही दिन में लगभग 30,000 फॉर्म जमा होने की सूचना मिलने पर उन्हें अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम के बीच से ही कोलकाता स्थित निर्वाचन आयोग कार्यालय जाना पड़ा।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' भाजपा बिहार, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अवैध मतदाताओं को बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है। वे बिहार की तरह ही रेल के माध्यम से बाहरी मतदाताओं को लाने की योजना बना रहे हैं।'' इस बीच ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को एक पत्र लिखकर तीखे लहजे में कहा कि जिनका बंगाल से कोई वैध संबंध नहीं है, उनसे संबंधित फॉर्म 6 के आवेदन अवैध, असंवैधानिक और मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक हैं, जो दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल की मतदाता सूची में बाहर से अवैध मतदाताओं को जबरदस्ती शामिल करने की कोशिश करती है, तो लोग इसका विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री बनर्जी ने गरबेटा में अपनी दूसरी चुनावी रैली में कहा, ''उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा क्योंकि बंगाल के लोग जानते हैं कि भाजपा ने बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह चाल चली है और वहां विपक्ष के इस हथकंडे को नहीं समझ पाने के कारण बच गई।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा के मन में बंगाल और राज्य के लोगों के लिए ''कोई सम्मान नहीं'' है।

### मतदाता नाम जोड़ने या हटाने के लिए हमारे पास कोई सॉफ्टवेयर नहीं: बंगाल के निर्वाचन अधिकारी

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले फॉर्म 6 के जरिए मतदाता सूची में हेराफेरी के तृणमूल कांग्रेस के आरोप पर पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय में किसी भी मतदाता का नाम जोड़ने या हटाने के लिए कोई सॉफ्टवेयर नहीं है। फॉर्म 6 पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने या किसी मतदाता को एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए भरा जाता है। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल के बाहर के अवैध मतदाताओं को राज्य की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है ताकि चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। इस आरोप पर अग्रवाल ने कहा, ''मैं कहना चाहता हूं कि यह एक सरकारी कार्यालय है, यहां दस्तावेज जमा करने के लिए एक इकाई है, और कोई भी व्यक्ति जितने चाहे उतने दस्तावेज जमा कर सकता है।'' उन्होंने पत्रकारों से कहा, '' एक लाख दस्तावेज भी हो सकते हैं या एक व्यक्ति द्वारा एक दिन में एक दस्तावेज भी जमा किया जा सकता है। कार्यालय प्रमुख होने के नाते मुझे इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में नियम है। मुझे यह जानने की आवश्यकता नहीं है कि कौन क्या जमा कर रहा है। दस्तावेजों को अलग-अलग किया जाता है और फिर यदि आवश्यक हो तो उन्हें मेरे पास भेजा जाता है। मुझे पता चला है कि हमें कुछ फॉर्म 6 प्राप्त हुए हैं।''

# पश्चिम बंगाल 'बेहतर' का हकदार: भाजपा में शामिल होने के बाद लिएंडर पेस



**नयी दिल्ली :** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने के बाद दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि पश्चिम बंगाल ''बेहतर का हकदार है''। पेस ने एक बयान में कहा कि पिछले एक दशक में मोदी के ''दूरदर्शी नेतृत्व'' के तहत भारत ने एक ''परिवर्तनकारी यात्रा'' देखी है। उन्होंने कहा कि देश ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने पर विशेष ज़ोर दिया गया है, जो विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा है। पेस ने कहा, ''मेरा जन्म बंगाल में हुआ था और मैं ओलंपिक खिलाड़ियों के ऐसे परिवार से आता हूँ, जिन्होंने बड़े गर्व के साथ अपने सीने पर तिरंगा पहना है। इसने मेरी विरासत को आकार दिया है और मुझमें अनुशासन, समर्पण एवं देशभक्ति की गहरी भावना के मूल्यों को जगाया है, जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक खेल और आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद करना है।'' उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में पेशेवर खेल खेलने के बाद, मुझे लगता है कि बंगाल बेहतर का हकदार है।'' पेस ने कहा, ''मुझे इस बात पर भी गर्व है कि मैं माइकल मधुसूदन दत्त का वंशज हूँ-एक सच्चे राष्ट्रवादी, जिन्होंने बंगाली और भारतीय साहित्य में अतुलनीय योगदान दिया।'' उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि हर जगह अपार संभावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, कई युवाओं को अब भी आगे बढ़ने के लिए अवसरों और मंचों तक पहुँचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन कमियों को दूर करना ही भारत की पूरी क्षमता को उजागर करने की कुंजी होगा।'' पेस ने कहा, ''इस संकल्प के साथ, मैं नरेन्द्र मोदी जी के निरंतर नेतृत्व और मार्गदर्शन में एक मज़बूत, अधिक समावेशी और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए भाजपा में शामिल हो रहा हूं।'' वह 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे और 2022 में गोवा चुनाव के दौरान पार्टी के लिए प्रचार किया था। उन्होंने खुद चुनाव नहीं लड़ा था।

# भवानीपुर में हाई-वोल्टेज मुकाबला: 2 अप्रैल को सुवेंदु, 8 अप्रैल को ममता करेंगी नामांकन

## शाह की मौजूदगी में सुवेंदु भरेंगे नामांकन

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में इस बार दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट सबसे चर्चित मुकाबले का केंद्र बन गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राजनीतिक गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारकर मुकाबले को और भी रोचक बना दिया है। जानकारी के अनुसार सुवेंदु अधिकारी 2 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे और इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा बड़ा रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है। इसके कुछ दिन बाद 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कालीघाट स्थित अपने आवास से पदयात्रा करते हुए गोपालनगर स्थित सर्वे बिल्डिंग पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय प्रतिनिधि भी उनके साथ मौजूद रहेंगे।

**मतदाता सूची को लेकर तेज हुआ सियासी टकराव**

भवानीपुर का सामाजिक ढांचा काफी विविधतापूर्ण है, जहां बंगाली मतदाताओं के साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित कई राज्यों के लोगों की भी अच्छी-खासी आबादी है। इसी बीच मतदाता सूची में बदलाव को लेकर भी राजनीतिक बहस तेज हो गई है। अनुमान के मुताबिक इस क्षेत्र में करीब 47 हजार नाम सूची से हटाए जा चुके हैं, जबकि लगभग 14 हजार नामों की जांच चल रही है। वर्ष 2021 के उपचुनाव में ममता बनर्जी ने यहां करीब 58 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि जांच के दायरे में आए नामों में बड़ी संख्या अल्पसंख्यक समुदाय की है, जबकि भाजपा का कहना है कि यह प्रक्रिया चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए की जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भवानीपुर की यह लड़ाई राज्य की राजनीति में प्रतिष्ठा की बड़ी परीक्षा बन सकती है।

# भारत विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है: मोदी

**साणंद (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आई है और संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार आने वाले दशकों के लिए प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा की एक मज़बूत नींव रख रही है। मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन के 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर' संयंत्र का उद्घाटन किया, और इसके साथ ही वहां उत्पादन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक बाज़ार में एक भरोसेमंद विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। मोदी ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब कोविड महामारी ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया तो भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण का केंद्र बनने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र बना रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक



लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी इसी प्रयास का एक प्रमाण है। अपने वैश्विक भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हुए हमारा लक्ष्य एक सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करना है।'' भारत हाल ही में 'पैक्स सिलिका' में शामिल हुआ है। यह अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक गठबंधन है जिसे दिसंबर 2025 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था जिसमें सेमीकंडक्टर, एआई और दुर्लभ मृदा तत्वों पर विशेष ध्यान दिया गया है। मोदी ने कहा, ''इसके अलावा, महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत ने 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' शुरू किया है।'' उन्होंने यह भी कहा कि यह मिशन महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और उत्पादन पर ज़ोर देता है।

# ईरान के खिलाफ अभियान अभी खत्म नहीं हुआ: नेतन्याहू

**यरुशलम :** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि ईरान के शासन के खिलाफ इजराइल का अभियान 'अभी खत्म नहीं हुआ है'। नेतन्याहू ने दावा किया कि अमेरिका के साथ संयुक्त अभियानों ने ईरानी शासन की जड़ें 'हिला दी' हैं। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ संयुक्त हमले शुरू किए थे, जिसका जवाब देते हुए ईरान ने भी हमले किए। इससे युद्ध पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैल गया। नेतन्याहू ने कहा, अमेरिका के साथ संयुक्त अभियान के एक महीने के भीतर हम उस आतंक के शासन को कुचल रहे हैं, जो 'अमेरिका मुर्दाबाद, इजराइल मुर्दाबाद' के नारे लगा रहा था। उन्होंने कहा कि 'अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है और हमने शासन की जड़ें हिला दी हैं, देर-सवेर यह ढह जाएगा'। प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइल नए क्षेत्रीय गठबंधन बना रहा है। उन्होंने कहा,मुझे उम्मीद है कि जल्द ही मैं इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ बने नए गठबंधनों के बारे में और अधिक जानकारी साझा कर पाऊंगा। नेतन्याहू ने ईरानी शासन की आलोचना करते हुए कहा, अयातुल्ला शासन ने हमें मिटाने के लिए वर्षों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर खर्च किए। वह एक ट्रिलियन डॉलर बर्बाद हो गए।

# न्यायाधिकरण ने एनएससीएन (के) पर पांच साल के प्रतिबंध की पुष्टि की

**नयी दिल्ली :** गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण ने केंद्र द्वारा नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (खापलांग) या एनएससीएन (के), और उसके सभी गुटों, संबद्ध संगठनों पर लगाए गए पांच साल के प्रतिबंध की पुष्टि की है। इस संबंध में जारी एक आदेश से यह जानकारी मिली। पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति नेल्सन सैलो ने 19 मार्च को अपने आदेश में फैसला सुनाया कि एनएससीएन (के) की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक हैं और इनका उद्देश्य भारत से अलग होना है। आदेश में कहा गया है कि संगठन, उसके कार्यकर्ताओं और गुटों द्वारा की गई गतिविधियों की प्रकृति से ''इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि एनएससीएन (के) भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए है।''

# बिहार के नालंदा जिले में मंदिर में भगदड़ मचने से आठ श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल



**बिहारशरीफ :** बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार को भगदड़ मचने से कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बिहारशरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस घटना में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। पुलिस बल और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने पत्रकारों से कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। उन्होंने कहा, इस घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत हुई है और पांच से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंदिर में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ स्थित शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। वह श्रद्धालुओं की मौत से बेहद दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के निकटतम परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।'' कुमार ने अधिकारियों को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

### प्रधानमंत्री ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया, अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के नालंदा में भगदड़ मचने से लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम आठ महिलाओं की मौत हो गई। सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में कहा, '' बिहार के नालंदा जिले की यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# ईरानी तेल से लदा एक जहाज बढ़ रहा गुजरात के बंदरगाह की तरफ

**नयी दिल्ली :** करीब सात साल के बाद भारत को ईरान से कच्चा तेल जल्द मिलने की संभावना है। ईरानी तेल से लदा एक जहाज गुजरात के वाडिनार बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है। जहाजों की निगरानी करने वाले आंकड़ों के मुताबिक, 'पिंग शुन' नामक यह जहाज लगभग छह लाख बैरल कच्चा तेल लेकर भारत की तरफ बढ़ रहा है। जिंस विश्लेषण फर्म केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि यह मई, 2019 के बाद भारत को ईरानी तेल की पहली आपूर्ति हो सकती है। उन्होंने बताया कि हाल में 'समुद्र में मौजूद' ईरानी तेल की खरीद के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा 30 दिन की छूट दिए जाने के बाद ही यह आपूर्ति संभव हुई है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस जहाज में मौजूद कच्चे तेल का खरीदार कौन है। लेकिन इस जहाज का गंतव्य वाडिनार में स्थित नायरा एनर्जी की रिफाइनरी हो सकती है। वाडिनार बंदरगाह भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी सहित अन्य इकाइयों के लिए भी आपूर्ति का केंद्र है। पेट्रोलियम मंत्रालय अब तक यह कहता रहा है कि ईरान से तेल खरीद दोबारा शुरू करने का फैसला तकनीकी एवं व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर किया जाएगा। भारत ऐतिहासिक तौर पर ईरानी तेल का बड़ा खरीदार रहा है। एक समय भारत के कुल आयात में ईरान की हिस्सेदारी करीब 11.5 प्रतिशत थी। वर्ष 2018 में भारत ने प्रतिदिन करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल का आयात किया था, जो मई, 2019 तक घटकर 2.68 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। फिर ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरानी तेल का आयात पूरी तरह बंद हो गया था। रितोलिया ने कहा, ''मार्च महीने की शुरुआत में 'पिंग शुन' जहाज ने ईरान के खार्ग द्वीप से तेल भरा था। इसके चार अप्रैल को वाडिनार बंदरगाह पर आने पर अनुमान है।''

**तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपना तेल स्वयं हासिल करें: ट्रंप**

दुबई : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपने तेल का इंतजाम स्वयं करें क्योंकि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन सहयोगियों के प्रति अपनी निराशा जतायी जोकि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलने में अमेरिका की मदद करने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप ने लिखा, ''अपने तेल का स्वयं इंतजाम करें।''

# मां-बाप की कद्र कानूनी बाध्यता

वैसे तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिये शर्मनाक है कि जन्म देकर पालन-पोषण करने वाले मां-बाप की जीवन की सांझ में बेकद्री की जाए। फिर गुजारे भत्ते के लिये कानून-प्रशासन से मांग करनी पड़े। लेकिन यह मौजूदा समय की हकीकत है कि ऐसे किस्से गाहे-बगाहे सुनने को मिलते हैं। सही मायनों में बुढ़ापा अपने आप में बड़ी चुनौती है, जब शरीर की क्षमताओं का ह्रास होने लगता है और आय के स्रोत लगभग खत्म होने लगते हैं। सेवानिवृत्ति की जमा-पूंजी बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। उन लोगों की स्थिति तो और दुखद हो जाती है जो निजी क्षेत्र या किसी प्राइवेट काम-धंधे में लगे रहते हैं। उन्हें तो पेंशन भी नहीं मिलती। वहीं धीरे-धीरे अक्षम होता शरीर उम्रदराज होने पर लगने वाली बीमारियों का घर बन जाता है। ऐसे स्थिति में अपने जब मां-बाप की देखभाल न करें तो यह एक सामाजिक अपराध ही कहा जाएगा। जाहिर है, जब खून के रिश्ते साथ न दें तो कानून ही अंतिम सहारा रह जाता है। इस दिशा में तेलंगाना विधानसभा में पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 पूरे देश के बुजुर्गों के लिये एक नई उम्मीद जगाता है। इस राज्य की विधानसभा ने बीते रविवार वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विधेयक पारित किया। निस्संदेह, देश में पहले से एक राष्ट्रीय कानून 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007' मौजूद है, लेकिन नये विधेयक का दायरा विस्तृत है। जो पहले कानून की कुछ विसंगतियों को दूर करता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य के नये विधेयक के दायरे में जनप्रतिनिधियों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। यह विधेयक जन प्रतिनिधियों, सरकारी व निजी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करना सुनिश्चित करता है।

तेलंगाना विधानसभा में पारित यह विधेयक यकीनी बनाता है कि यदि बच्चे मां-बाप की देखभाल नहीं करते तो उनके वेतन से पंद्रह फीसदी या दस हजार रुपये, जो भी कम है, शिकायत मिलने पर माता-पिता को देय राशि के रूप में काटे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अपनी चल-अचल संपत्ति बेटे के नाम करने वाले मशहूर कारोबारी विजयपत सिंघानिया की बेदखली का एक मामला चर्चा में आया था। इस घटना ने पूरे देश का ध्यान खींचा और देश में प्रभावी कानून बनाए जाने की चर्चा तेज हुई थी। यह सुखद ही है कि तेलंगाना सरकार ने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए यह पहल की। सरकार का कथन है कि समाज में नैतिक दायित्वों को बढ़ावा देना इस विधेयक का मकसद है। यदि बच्चे अपना दायित्व नहीं निभाते तो कानून के जरिये उन्हें इसके लिये बाध्य किया जा सकेगा। इस विधेयक में प्रावधान है कि बच्चों द्वारा मां-बाप का भरण-पोषण न करने पर वे जिला कलेक्टर के सामने आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि यह कानून न केवल सरकारी कर्मचारियों पर बल्कि निजी क्षेत्र के कर्मियों, सांसदों, विधायकों, मनोनीत सदस्यों तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। निश्चित रूप से भारतीय परिवार परंपरा में सदियों से गरिमापूर्ण स्थान रखने वाले माता-पिता के सम्मान व जीवन-यापन सुनिश्चित करने की दिशा में यह विधेयक एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस विधेयक में जहां कलेक्टर को नामित प्राधिकारी बनाया गया है, वहीं माता-पिता को भी संपत्ति के बंटवारे की स्थिति व आय की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। ऐसे मामलों में माता-पिता तथा कर्मचारी को सुनवाई का मौका मिलेगा। कलेक्टर को साठ दिनों के भीतर शिकायत का निस्तारण करना होगा। फैसले के बाद कर्मचारी के वेतन से काटी गई राशि सीधे मां-बाप के खाते में जाएगी। उल्लेखनीय है कि केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, सौतेले माता-पिता भी शिकायत करने के हकदार होंगे। इस विधेयक में इस बात का प्रावधान भी है कि इस बाबत शिकायतों की सुनवाई के लिये वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन किया जाएगा। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आयोग के मुख्य आयुक्त के रूप में काम करेंगे। अर्ध न्यायिक शक्तियों वाले आयोग में प्रशासन व सामाजिक क्षेत्र के अनुभव वाले दो सदस्य भी होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह विधेयक वरिष्ठ नागरिकों के जीवन-यापन व सम्मान बहाली में सहायक होगा।

# भारत के ट्रकिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव: नई नीतियां और भविष्य की राह

**मनीष कोठारी,**
**प्रमुख – कमर्शियल बैंकिंग,**
**कोटक महिंद्रा बैंक**

जीएसटी 1.0 के कारण आए बदलावों के बाद, अब नया टैक्स सुधार बाज़ार में एक बेहतर संतुलन बनाने और वाहन फाइनेंसिंग के भविष्य को नया रूप देने के लिए तैयार है। भारत का कमर्शियल व्हीकल (सीवी) सेक्टर इस समय एक अहम मोड़ पर खड़ा है। दो बड़े टैक्स सुधारों-2017 में लागू जीएसटी 1.0 और 2025 में आए जीएसटी 2.0-ने न केवल ट्रकिंग की आर्थिक स्थिति को बदला है, बल्कि लॉजिस्टिक्स और फाइनेंस के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के तरीके को भी पूरी तरह बदल दिया है। जब 2017 में जीएसटी लागू हुआ, तो इसने लॉजिस्टिक्स सेक्टर की तस्वीर बदल दी। ट्रकों, टायर, स्पेयर पार्ट्स, ईंधन और बीमा पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा मिलने से बड़े और संगठित फ्लीट ऑपरेटर्स को लागत में जबरदस्त बढ़त मिली। उदाहरण के तौर पर, 28% जीएसटी स्लैब के तहत 30 लाख रूपए के ट्रक पर उन्हें करीब 5 लाख रूपए तक का आईटीसी लाभ मिल जाता था, जबकि वे अपने ग्राहकों को 12% जीएसटी पर बिलिंग करते थे। इस टैक्स अंतर ने बड़े ऑपरेटर्स के लिए विस्तार करना आसान बना दिया, जबकि छोटे फ्लीट मालिक, जिनके पास इस सिस्टम का लाभ लेने के लिए ज़रूरी ढांचा नहीं था, उनके मुनाफे पर दबाव बढ़ गया। नतीजा यह हुआ कि बाज़ार तेज़ी से बड़े खिलाड़ियों के पक्ष में सिमटने लगा। मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट, केंद्रीकृत वेयरहाउसिंग और बेहतर रूट मैनेजमेंट जैसी क्षमताओं ने बड़े ऑपरेटर्स को और मजबूत बनाया। कुल मिलाकर, जीएसटी 1.0 ने भारतीय ट्रकिंग इकोसिस्टम को ज़्यादा संगठित, बड़े स्तर का और नियमों के अनुकूल बनाने में तेज़ी दिखाई। इसके साथ ही, एक्सल लोड नियमों में बदलाव और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर ने इस ट्रेंड को और मजबूत किया। इंडस्ट्री धीरे-धीरे हल्के वाहनों से बड़े मल्टी-एक्सल ट्रक्स और ट्रैक्टर-ट्रेलर्स की ओर बढ़ी, जहाँ प्रति-टन-किलोमीटर की लागत को कम करना आसान था। भले ही वाहनों की कुल बिक्री की संख्या में कमी आई, लेकिन माल ढोने की क्षमता काफी बढ़ गई-जो साफ़ तौर पर 'मात्रा से ज़्यादा गुणवत्ता' का संकेत था। सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 के साथ एक और बड़ा बदलाव आया। नए टैक्स ढांचे में इसे सरल बनाकर 5% और 18% के दो स्लैब में बाँट दिया गया। इससे ट्रक, टायर और इंश्योरेंस खरीदना सस्ता हो गया: ट्रकों पर जीएसटी 28% से घटकर 18% हो गया, बीमा पर 12% से घटकर 5% और ऑटो पार्ट्स को 18% पर ले आया गया। दूसरी ओर, आईटीसी के साथ गुड्स ट्रांसपोर्ट सेवाओं पर जीएसटी 12% से बढ़कर 18% हो गया, जिससे बड़े ऑपरेटर्स को मिलने वाला शुद्ध आईटीसी लाभ खत्म हो गया। जीएसटी 1.0 के बाद यह पहली बार था जब छोटे फ्लीट ऑपरेटर्स को बराबरी का मौका मिला। अब उम्मीद है कि कम कीमत में ट्रक खरीदने और चलाने की कम लागत की वजह से छोटे फ्लीट मालिक फिर से वापसी कर सकते हैं। भविष्य में बड़े और छोटे खिलाड़ियों के बीच साझेदारी बढ़ने की प्रबल संभावना है। बड़े ऑपरेटर्स अब खुद ज़्यादा वाहन खरीदने के बजाय छोटे खिलाड़ियों के ट्रकों को अपने साथ जोड़कर काम कर सकते हैं, जिससे उनकी 'बैलेंस शीट' पर बोझ कम होगा। हालांकि आईटीसी का लाभ कम होने से नए वाहनों पर उनका मुनाफा थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन कैश फ्लो (नकद प्रवाह) के मामले में वे बेहतर स्थिति में होंगे, क्योंकि उनका पैसा अब आईटीसी रिफंड के चक्कर में फँसा नहीं रहेगा।

**व्यापक संदर्भ: बाज़ार और इंफ्रास्ट्रक्चर का बढ़ता असर**

भारत का रोड फ्रेट (सड़क माल ढुलाई) बाज़ार पहले से ही देश के लगभग 3.5 ट्रिलियन रूपए वाले लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का 70% हिस्सा है। 2025 से 2030 के बीच इसके 7-10% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस विकास के पीछे नए फ्रेट कॉरिडोर में निवेश, ई-कॉमर्स की बढ़त और डिजिटलीकरण जैसे बड़े कारण हैं। सरकार की 'पीएम गति शक्ति' और 'भारतमाला' जैसी बड़ी परियोजनाएँ इस विकास की बुनियाद हैं। इनमें रेल, बंदरगाह और राजमार्गों से जुड़े मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स प्रोजेक्ट्स के लिए 11.17 लाख करोड़ रूपए से अधिक का निवेश शामिल है। इंफ्रास्ट्रक्चर में इन सुधारों से माल ढुलाई की रफ़्तार बढ़ेगी और नेटवर्क और भी सघन होगा, जिससे ऑटो कंपनियों और फाइनेंस सेक्टर के लिए नए अवसर खुलेंगे।

**डिजिटल और फाइनेंसिंग में क्रांतिकारी बदलाव**

जैसे-जैसे बाज़ार में नया संतुलन बन रहा है, फिनटेक और टेलीमैटिक्स आधारित मॉडल छोटे ऑपरेटर्स के लिए लोन लेना आसान बना रहे हैं। बैंक और एनबीएफसी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के साथ मिलकर 'उपयोग के आधार पर' फाइनेंसिंग दे रहे हैं। इसमें रियल-टाइम डेटा और एआई आधारित क्रेडिट स्कोरिंग का इस्तेमाल हो रहा है। इन नई पहलों से लोन का दायरा बढ़ रहा है, ब्याज दरें कम हो रही हैं और जोखिम की बेहतर निगरानी संभव हो रही है-जो छोटे फ्लीट ऑपरेटर्स की वापसी के लिए बेहद ज़रूरी है। बाज़ार में आए इस 'रिसेट' का सीधा असर लोन देने के तरीके पर भी पड़ेगा। अब फाइनेंसिंग मॉडल्स को उन छोटे ऑपरेटर्स की ज़रूरतों के हिसाब से ढालना होगा जो फिर से बाज़ार में उतर रहे हैं। ज़ाहिर है, बदलती आर्थिक स्थितियों को देखते हुए जोखिम आकलन के ढांचे को भी नए सिरे से तैयार करना होगा। एक दशक से भी कम समय में, भारत का ट्रकिंग उद्योग बिखरे हुए ढांचे से निकलकर एक संगठित व्यवस्था तक पहुँच चुका है और अब एक अधिक संतुलित दौर की ओर बढ़ता दिख रहा है। आने वाले 12-18 महीने यह तय करेंगे कि छोटे ऑपरेटर्स अपनी खोई हुई ज़मीन कितनी तेज़ी से वापस पाते हैं और बड़े फ्लीट मालिक खुद को कैसे ढालते हैं। जो ऑटो कंपनियाँ, फाइनेंसर और लॉजिस्टिक्स प्लेयर्स इन बदलावों को पहले से भांप लेंगे और नव-चार अपनाएंगे, वही भविष्य में मज़बूत बनकर उभरेंगे। नीतियों में होने वाले बदलाव सिर्फ टैक्स की दरें नहीं बदलते, बल्कि पूरे उद्योगों को नई परिभाषा देते हैं। बैंकिंग और लॉजिस्टिक्स से जुड़े सभी हितधारकों के लिए यह समय आगे बढ़कर नेतृत्व करने का है, न कि सिर्फ दूसरों के पीछे चलने का। साथ ही, ऑटो कंपनियाँ अब वैकल्पिक ईंधन और इलेक्ट्रिक वाहनों में भारी निवेश कर रही हैं, जिसे सरकार का भी पूरा समर्थन मिल रहा है। इस क्षेत्र पर भी सभी की पैनी नज़र होनी चाहिए, क्योंकि यह आने वाले कुछ वर्षों में लॉजिस्टिक्स सेक्टर की तस्वीर को पूरी तरह बदलकर एक और बड़ा 'रिसेट' ला सकता है।

## समीक्षा स्पोर्ट्स

### पंकज आडवाणी ने पदार्पण में राष्ट्रीय 9-बॉल पूल खिताब जीता



**लुधियाना :** भारत के मशहूर क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने मंगलवार को यहां एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला राष्ट्रीय 9-बॉल पूल खिताब जीत लिया। पेट्रोलियम खेल प्रमोशन बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में 11 अंक के फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ के नितिन शर्मा को 11-6 से हरा दिया।

### गांगुली ने किया बीसीसीआई का समर्थन, पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह खेले जायें टेस्ट

**कोलकाता :** भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026 . 27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। गांगुली ने स्पोर्टर्सस्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा ,'' ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।''

### आईपीएल पदार्पण में कोनोली का अर्धशतक, पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को हराया



**मुल्लांपुर :** इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुल्लांपुर में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज कूपर कोनोली ने पदार्पण मैच में नाबाद 72 रन की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत तेज रही। प्रभसिमरन सिंह (37) और कोनोली के बीच दूसरे विकेट के लिए 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। कोनोली ने 44 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए संयम और आक्रामकता का शानदार प्रदर्शन किया। अंत में उन्होंने जेवियर बार्टलेट (नाबाद 11) के साथ मिलकर 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं राशिद खान, कगिसो रबाडा और वाशिंगटन सुंदर को एक-एक सफलता मिली, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल (39) और जोस बटलर (38) की पारियों की मदद से छह विकेट पर 162 रन बनाए। टीम को तेज शुरुआत मिली, लेकिन मध्य ओवरों में युजवेंद्र चहल (2/28) और विजयकुमार विशाक (3/34) की कसी हुई गेंदबाजी ने रन गति पर अंकुश लगा दिया। पंजाब किंग्स की यह जीत कोनोली की शानदार पारी के कारण खास रही, जिन्होंने अपने पहले ही मुकाबले में अर्धशतक जमाकर टीम को यादगार जीत दिलाई।

### आईपीएल की तर्ज पर एमपीएल में लगी खिलाड़ियों की बोली

**सबसे महंगे क्रिकेटर बने आशुतोष शर्मा**



**इंदौर :** टी20 क्रिकेट की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर मध्यप्रदेश लीग (एमपीएल) में मंगलवार को पहली बार खिलाड़ियों की बोली लगाई गई और दायें हाथ के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा 15 लाख रुपये का मूल्य पाकर एमपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। एमपीएल की 10 पुरुष टीमों के लिए 244 खिलाड़ियों को नीलामी की प्रक्रिया में शामिल किया गया था। टीमों की फ्रेंचाइजी के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान इंदौर में पूरी हुई इस प्रक्रिया में आशुतोष शर्मा को मालवा स्टैलियन्स ने 15 लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाकर खरीदा। इसी तरह, अक्षत रघुवंशी को रीवा जगुआर्स ने 13.80 लाख रुपये, अनिकेत वर्मा को भोपाल लेपर्ड्स ने 13.20 लाख रुपये और शिवांग कुमार को बुंदेलखंड बुल्स ने 13 लाख रुपये की कीमत देकर अपनी टीम में शामिल किया। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया ने संवाददाताओं को बताया, यह पहली बार है, जब एमपीएल में टीम चयन के लिए खिलाड़ियों की बोली लगाई गई है। इससे सारी टीमों के फ्रेंचाइजी उत्साहित रहे और खिलाड़ियों को उनका बेहतर मूल्य मिला।

### अभय और अनाहत ने एशियाई स्क्वाश 2025 के पुरस्कार जीते



**नयी दिल्ली :** भारत के अभय सिंह को एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने 2025 का 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित किया जबकि उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना गया। एएसएफ द्वारा जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को 'पुरुष टीम पुरस्कार' के लिए चुना गया है जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने पिछले साल भारत को पहला 'विश्व कप मिश्रित टीम' खिताब दिलाया था। विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत भी कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी 2022 में एएसएफ की वार्षिक पुरस्कार सूची में शामिल हुए थे जब सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

### गेंद से छेड़खानी के कारण फखर दो पीएसएल मैचों से निलंबित

**लाहौर :** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमां पर मंगलवार को गेंद से छेड़खानी के मामले में पाकिस्तान सुपर लीग के दो मैचों से निलंबित कर दिया गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि मैच रैफरी ने फखर को लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया जो पीएसएल में खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2 . 14 के उल्लंघन को लेकर है। यह घटना कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले की है जब उन्हें जीत के लिये 14 रन की जरूरत थी। फखर को हारिस रऊफ और लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से बात करते देखा गया। इसके बाद अंपायर फैसल अफरीदी ने गेंद मांगी और उसे देखने के बाद पाया कि इससे छेड़छाड़ की गई है। मैदानी अंपायर शाहीद सैकत और फैसल खान आफरीदी , टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाये।

### एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप : प्रिया की शानदार जीत, जादूमणि हारे



**उलानबटोर :** भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5 . 0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5 . 0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3 . 2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया में जन्मे विलियम्स ने पदार्पण मैच में गोल किया, भारत ने हांगकांग को 2-1 से हराया

**कोच्चि :** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे रयान विलियम्स ने भारत के लिए अपने पदार्पण मैच को यादगार बना दिया और मंगलवार को यहां खेले गए एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के एक औपचारिक मैच में चौथे ही मिनट में गोल करके मेजबान टीम को हांगकांग पर 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत के लिए दूसरा गोल 50वें मिनट में आकाश मिश्रा ने किया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल भी था। इस गोल की मदद से खालिद जमील की कोचिंग वाली टीम ने क्वालीफायर के तीसरे दौर में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी भारतीय टीम ने अपने अभियान का समापन पांच अंक के साथ किया। टीम ने एक मैच जीता और दो ड्रॉ खेले, जिसके बाद वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर रही।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 अप्रैल, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 07:07 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 16:16 तक, योग : वृद्धि, 14:49 तक, सूर्योदय: 05:29, सूर्यास्त: 17:51, चन्द्रोदय : 17:18, चन्द्रास्त: 04:47, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 11:40 से 13:12

## राशिफल

**मेष :** लाभ भाव में बुधदेव की उपस्थिति का अर्थ है कि आपके संपर्कों और नेटवर्किंग के प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। आज आर्थिक संभावनाएं बहुत उज्ज्वल दिखाई दे रही हैं।

**वृष :** आपकी प्रतिष्ठा भाव में बुधदेव के होने से आपकी साख और सम्मान फिर से मजबूत हो रहा है। करियर से जुड़ा कोई पुराना संपर्क लाभदायक प्रस्ताव लेकर आपके पास वापस आ सकता है।

**मिथुन :** ज्ञान के भाव में बुधदेव का होना पक्का करेगा कि आपकी दीर्घकालिक रणनीतियां और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अब फिर से पटरी पर आ जाएं। योजना बनाने के लिए आज के दिन का उपयोग करें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

**सिंह :** सातवें भाव में बुधदेव के होने का अर्थ यह है कि आपके सहयोग और साझेदारियां अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं। आर्थिक संभावनाएं पेशेवर पुरस्कारों पर केंद्रित हैं।

**कन्या :** पेशेवर तौर पर आप एक दूरदर्शी विशेषज्ञ के रूप में उभर रहे हैं। छठे भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपके काम करने का तरीका अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं।

**तुला :** पेशेवर जीवन में आप एक रणनीतिक विश्लेषक के रूप में कार्य कर रहे हैं। आर्थिक संभावनाएं आंतरिक प्रबंधन पर केंद्रित हैं। आपकी दैनिक स्थिरता को बनाए रखें।

**वृश्चिक :** बुनियाद के भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपकी आंतरिक प्रणालियां और होम-ऑफिस सेटअप अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।


**धनु :** पेशेवर रूप से आप दक्षता विशेषज्ञ के रूप में जाने जाएंगे। कौशल के भाव में बुधदेव की सीधी गति का अर्थ है कि प्रेसेंटेशन्स और तकनीकी कार्यप्रवाह अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं।

**मकर :** धन भाव में बुधदेव की उपस्थिति का मतलब है कि आपकी फाइनेंशियल बातचीत और रिसोर्स मैनेजमेंट अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**कुम्भ :** आपकी राशि में बुधदेव के होने का मतलब है कि आपका पर्सनल ब्रांड और कम्युनिकेशन स्टाइल अब आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं। आर्थिक गतिविधियां घर-आधारित खर्चों पर केंद्रित हैं।

**मीन :** अदृश्य भाव (बारहवें घर) में बुधदेव के होने का अर्थ है कि आपके पीछे के शोध और निजी रणनीतियां अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं। फिजूलखर्ची करने से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें।

## वर्ग पहेली नं. 3396



*बायें से दायें:-* 1) चुकता, 2) बलिष्ठ, 4) विशेष, 6) मौलवी, 7) दला गेहूँ, 8) रोपना *(पौधा)*, 9) पागल, 11) आलेपित, 12) भूखापन, 14) रात, 16) झूठ, 18) मृत्यु, 19) फुलवारी, 21) टाँगना, 22) सजधज, 23) एक संख्या, 24) ठेंगा; अँगूठा, 26) व्यर्थ, 28) पल्ला, 29) संगति.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आसपास, 2) गेंद मारने का डंडा, 3) पर्यावरण, 4) शुद्ध, 5) बुद्धिमानी, 6) नफ़ा, 10) शर्म, 13) मन्नत; इच्छा, 15) नदी, 17) गिराना, 20) दिवंगत, 22) केसरी, 23) भौचक्का, 25) ठहराना, 26) नाश; अंत, 27) आयु; उम्र, 28) दली हुई अरहर, मूँग, उरद आदि के दाने.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | | आ | पा | | आ | प | बी | ती | |
| मि | | न | र | पि | शा | च | | स | ब |
| सा | ध | न | | छ | | प | द | | द |
| ल | | फ़्र | ज़ि | ल | | न | ह | ला | ना |
| | ती | न | | गा | ल | | श | | मी |
| म | स | न | द | | ब | द | त | र | |
| ह | रा | | ख़ा | | रा | ह | | सा | त |
| बू | | ग | ल | ना | | ल | क्ष | | र |
| बा | व | ला | | ज़ | च्चा | | त | बा | ह |

## सुडोकू-पहेली-3354

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| 4 | | | 9 | | 1 | | 8 | 5 |
| | 1 | | | 5 | 4 | | | |
| | 7 | | | | | | | |
| 1 | | | 4 | | 9 | | | 7 |
| | | | 8 | 6 | | 2 | | 4 |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |
| | 9 | 2 | | | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3353 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |

# सीईओ कार्यालय के बाहर राजनीतिक टकराव, टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प





❑ फॉर्म–6 जमा कराने को लेकर बढ़ा विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से जुड़े फॉर्म–6 को लेकर मंगलवार को कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के बाहर अचानक तनावपूर्ण स्थिति बन गई। एक युवक के पास बड़ी संख्या में फॉर्म होने की खबर फैलते ही तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के समर्थक आमने–सामने आ गए, जिसके बाद कार्यालय के बाहर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला गरमा गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार, एक युवक बड़ी संख्या में कई फॉर्म लेकर सीईओ कार्यालय पहुंचा था। आरोप है कि उसके बैग में काफी मात्रा में फॉर्म–6 थे। इस पर तृणमूल समर्थित बीएलओ ने उसे घेर लिया और विरोध जताते हुए सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि, युवक के पास मिले कागजात वास्तव में फॉर्म–6 थे या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

इसी बीच भाजपा समर्थक भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने आरोप लगाया कि उनके एक कार्यकर्ता के साथ मारपीट की गई है। इसके बाद दोनों पक्षों ने कार्यालय के सामने नारेबाजी शुरू कर दी और माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने भीड़ को अलग रखने के लिए बैरिकेड लगाए, लेकिन कुछ लोग बैरिकेड पार कर आगे बढ़ने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों में धक्का–मुक्की हुई और अफरातफरी के बीच कई मोटरसाइकिलें सड़क पर गिर गईं। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर–बितर किया, जबकि स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बल भी मौके पर तैनात रहा।

गौरतलब है कि, इससे एक दिन पहले तृणमूल नेतृत्व ने आरोप लगाया था कि भाजपा दूसरे राज्यों के लोगों के नाम पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में जोड़ने की कोशिश कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि फॉर्म–6 का इस्तेमाल मतदाता सूची में नया नाम दर्ज कराने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग आमतौर पर वे लोग करते हैं जो पहली बार मतदाता बन रहे हों या किसी अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित हुए हों।

फॉर्म–6 के जरिए बाहरी राज्यों के वोटर जोड़ने का आरोप

## तृणमूल ने दिखाए 'सबूत'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को लेकर नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि फॉर्म–6 के जरिए दूसरे राज्यों के लोगों को बंगाल की वोटर लिस्ट में शामिल करने की कोशिश की जा रही है। इस मुद्दे पर राज्य की मंत्री और श्यामपुकुर से तृणमूल उम्मीदवार शशि पांजा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए और सीसीटीवी फुटेज को 'सबूत' के तौर पर पेश किया। शशि पांजा ने कहा कि शिकायत के बावजूद चुनाव आयोग के कार्यालय में बड़ी मात्रा में फॉर्म–6 जमा किए जा रहे हैं। उनके मुताबिक मंगलवार को शुभेंदु अधिकारी के कार्यालय से निकलने के तुरंत बाद पूर्व मेदिनीपुर का एक व्यक्ति बैग भरकर फॉर्म–6 लेकर चुनाव आयोग के दफ्तर में दाखिल हुआ। उन्होंने दावा किया कि बीएलओ ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और उसके पास से लगभग 400 से अधिक फॉर्म–6 बरामद किए गए। पांजा ने आरोप लगाया कि आयोग के दफ्तर में ये फॉर्म जमा कराने वाले लोग भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता हैं। इससे पहले सोमवार को तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचे थे और वहां बड़ी संख्या में फॉर्म–6 रखे होने का आरोप लगाया था। उन्होंने आयोग से सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग भी की थी। शशि पांजा ने सवाल उठाया कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आयोग फुटेज क्यों नहीं दिखा पाया। इधर, अवैध फॉर्म–6 को लेकर मंगलवार दोपहर आयोग कार्यालय परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। तृणमूल समर्थित बीएलओ ने विरोध प्रदर्शन किया, वहीं भाजपा कार्यकर्ता भी समर्थक भी वहां जुट गए। दोनों पक्षों के आमने–सामने आने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की भी हुई।

# भाजपा की चौथी सूची जारी, 13 और प्रत्याशियों के नाम की घोषणा

❑ कांग्रेस से आने वाले संतोष पाठक को टिकट

❑ 294 सीटों में अब तक 288 प्रत्याशी घोषित

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को उम्मीदवारों की अपनी चौथी सूची जारी कर दी, जिनमें सबसे प्रमुख नामों में केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर की पत्नी सोमा ठाकुर और हाल में कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल हुए कोलकाता नगर निगम में लगातार चार बार के पार्षद संतोष पाठक का है। भाजपा ने मतुआ समुदाय के नेता व केंद्रीय मंत्री शांतनु की पत्नी सोमा ठाकुर को उत्तर 24 परगना जिले की मतुआ बहुल बागदा (सुरक्षित) सीट से उतारा है। वहीं, हाल में पार्टी से जुड़े संतोष पाठक को मध्य कोलकाता की एक प्रमुख सीट– चौरंगी से उम्मीदवार बनाया है। हिंदी भाषी नेता के रूप में पहचान रखने वाले संतोष पाठक का कोलकाता की राजनीति में खासा प्रभाव है। इस नई सूची के साथ ही भाजपा ने राज्य की 294 सीटों में से अब तक कुल 288 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। अब केवल छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा बाकी है। इनमें एक सीट पुरुलिया जिले के जयपुर पर विवादित महतो नामक एक स्थानीय नेता को भाजपा ने पहले ही समर्थन दिया है। नवीनतम सूची में पार्टी ने पूर्व में घोषित दूसरी सूची में एक सीट पर प्रत्याशी में बदलाव किया है। भाजपा ने उत्तर बंगाल की मयनागुड़ी (सुरक्षित) सीट से प्रत्याशी में बदलाव करते हुए अब दालिम राय को उम्मीदवार बनाया है।

पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार, हावड़ा दक्षिण से श्यामल हाती, नाटाबाड़ी से गिरिजा शंकर राय और सिताई सुरक्षित सीट से आशुतोष वर्मा चुनाव लड़ेंगे।

इसके अलावा, मगराहाट पूर्व (सुरक्षित) से उत्तम कुमार बनिक, फाल्ता से देबांग्शु पांडा, सोनारपुर उत्तर से देवाशीष धर, मेमारी से यूट्यूबर मानव गुहा, गड़बेता से प्रदीप लोढ़ा और पांचला सीट से रंजन कुमार पाल मैदान में उतारा है।

भाजपा ने अपनी रणनीति में सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान रखा है। आज घोषित 13 उम्मीदवारों में एक महिला प्रत्याशी बागदा सीट से सोमा ठाकुर का नाम शामिल है।

घोषित 13 सीटों में से एक पर महिला उम्मीदवार को प्रतिनिधित्व दिया गया है। आयु वर्ग के आधार पर सूची में 40 वर्ष से कम आयु के 2 युवा उम्मीदवार, 41 से 55 वर्ष आयु वर्ग के 6 उम्मीदवार, 56 से 70 वर्ष आयु वर्ग के 4 उम्मीदवार तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के एक अनुभवी उम्मीदवार को शामिल किया गया है।

**13 उम्मीदवारों की सूची निम्नलिखित हैं**

- चौरंगी : संतोष पाठक
- बागदा : केंद्रीय मंत्री की पत्नी सोमा ठाकुर
- बाराबनी : अरिजीत राय
- हावड़ा दक्षिण : श्यामल हाती
- नाटबाड़ी : गिरिजा शंकर राय
- मगराहाट पूर्व : उत्तम कुमार बनिक
- फाल्ता : देबांग्शु पांडा
- सोनारपुर उत्तर : देवाशीष धर
- पंचला : रंजन कुमार पाल
- चंडीपुर : डा पीयूष कांति दास
- गड़बेता : प्रदीप लोढ़ा
- मेमारी : मानव गुहा
- सिताई : आशुतोष वर्मा

## चौरंगी की जनता चाहती है बदलाव : संतोष पाठक



**मधु सिंह, कोलकाता :** हाल में कांग्रेस से भाजपा में आए वरिष्ठ नेता और पार्षद संतोष पाठक को चौरंगी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। चौरंगी से अपने नाम की घोषणा के बाद ही संतोष पाठक चुनाव प्रचार में उतर आए। उन्होंने कहा कि चौरंगी की जनता परिवर्तन चाहती है। संतोष पाठक ने कहा कि तृणमूल के अत्याचार, कटमनी और भ्रष्टाचार से जनता ऊब चुकी है। पश्चिम बंगाल की जनता इस बार भाजपा को मौका दें और यहां कमल का फूल खिलाये। अपनी प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार नैना बंदोपाध्याय को लेकर संतोष पाठक ने कहा कि वह कोई सीजनड पॉलिटिशियन नहीं है। 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल ने मुझे दबाने की पूरी कोशिश की थी लेकिन इस बार कमल का फूल खिल कर रहेगा।

## बंगाल चुनाव : चार आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया



**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए 23 और 29 अप्रैल को होने वाले चुनावों के दौरान विशिष्ट जिम्मेदारियों के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है। इन अधिकारियों को उनकी मौजूदा जिम्मेदारियों के अतिरिक्त यह दायित्व सौंपा गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (आधुनिकीकरण) नित्यानंद बिस्वास को जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), कोलकाता उत्तर के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं, पुलिस के संयुक्त आयुक्त (संगठन) अजय प्रसाद कोलकाता दक्षिण के डीईओ के लिए नोडल अधिकारी के रूप में भी कार्य करेंगे। आदेश के मुताबिक दक्षिण 24 परगना जिले के डीईओ और जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (एपी) सुमंकर भट्टाचार्य नोडल अधिकारी होंगे। कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग (विशे.), में उपायुक्त विदित राज भुंदेश को डीईओ कोलकाता उत्तर, डीईओ कोलकाता दक्षिण और डीईओ एवं डीएम साउथ 24 परगना जिले के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह आदेश कोलकाता के पुलिस आयुक्त की स्वीकृति से जारी किया गया है।

# भाजपा बाहर से मतदाताओं को लाकर बंगाल की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश कर रही है : अभिषेक बनर्जी



**बालुरघाट :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को बालुरघाट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के बाहर से मतदाताओं को लाकर पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश कर रही है। बनर्जी ने बालुरघाट टाउन क्लब ग्राउंड में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अर्पिता घोष के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित बिहार और उत्तर प्रदेश के मतदाता–ओं को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में लाया जा रहा है ताकि स्थानीय लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने से रोका जा सके। उन्होंने आरोप लगाया, बंगाल की जनसंख्या संरचना को बदलने की साजिश रची जा रही है। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि बंगाल के लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग नहीं कर सकें। बिहार और उत्तर प्रदेश से मतदाताओं को बंगाल के विभिन्न हिस्सों में लाया जा रहा है। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करा दी है। ये आरोप विधानसभा चुनाव से पहले जारी तीखे चुनावी अभियान के बीच आए हैं, जिसमें तृणमूल कांग्रेस बार–बार भाजपा पर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगा रही है, जबकि भाजपा ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तुष्टीकरण की राजनीति और मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। तृणमूल कांग्रेस नेता बनर्जी ने भाजपा के डबल इंजन वाली सरकार के नारे पर भी हमला बोलते हुए दावा किया कि बालुरघाट के लोगों से अधिक किसी ने भी तथाकथित 'डबल इंजन वाली सरकार' का सामना नहीं किया है। पिछले पांच वर्षों से यहां के सांसद और विधायक दोनों भाजपा से हैं। फिर भी वे इस क्षेत्र के लिए 10 पैसे का अतिरिक्त कोष या विकास भी नहीं ला पाए हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि वह बालुरघाट में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों का तुलनात्मक रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखें। बनर्जी ने कहा, लोगों को यह तय करने दें कि हमारी सरकार ने बालुरघाट के लिए क्या किया है और मोदी सरकार ने क्या किया है। पथश्री, लक्ष्मी भंडार और हाल ही में घोषित युवा साथी जैसी योजनाओं का हवाला देते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल सरकार ने क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है जबकि केंद्र सरकार अतिरिक्त सहायता देने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की पथश्री योजना के तहत सड़कें बनाई गई हैं और युवा साथी योजना के लाभार्थियों को घोषणा के 15 दिनों के भीतर उनके बैंक खातों में धनराशि प्राप्त हो गई है। बनर्जी ने भाजपा के सत्ता में आने पर महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना 'लक्ष्मीर भंडार' की राशि बढ़ाने के बारे में मजूमदार की टिप्पणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे पहले किसी भाजपा शासित राज्य में ऐसी योजना लागू करें जहां परिवार की हर महिला को लाभ मिले। अगर वे ऐसा कर सकते हैं, तो मैं तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करना बंद कर दूंगा।

## बंगाल चुनाव : तृणमूल का सख्त संदेश, वार्ड में प्रदर्शन से होगा पार्षदों के राजनीतिक भविष्य का फैसला

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने पार्षदों को सख्त संदेश देते हुए जमीनी स्तर पर काम तेज करने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि वार्डों में उनके प्रदर्शन से ही उनके राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की औपचारिक शुरुआत राजपत्र अधिसूचना जारी होने और नामांकन शुरू होने के साथ हो गई है। तृणमूल नेतृत्व ने पार्षदों, महापौरों और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सड़कों पर जाने को कहा है। उन्हें चेतावनी दी गई है कि उनका राजनीतिक भविष्य विधानसभा चुनाव में उनके वार्डों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि यह निर्देश शीर्ष नेतृत्व से आया है। वरिष्ठ नेताओं के अनुसार राज्य भर में स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों को प्रतिदिन घर–घर जाकर प्रचार करने, बूथ स्तरीय बैठकों में भाग लेने और मतदाताओं से सीधा संपर्क बनाए रखने के लिए कहा गया है। हालांकि, केवल उनकी उपस्थिति के आधार पर उनके प्रदर्शन का आकलन नहीं किया जाएगा। पार्टी वार्ड वार आकलन तैयार कर रही है कि प्रत्येक पार्षद चुनाव प्रचार में कितना समय व्यतीत करता है, कितने घरों का दौरा करता है, उस पार्षद की देखरेख में स्थानीय कार्यकर्ता कितने सक्रिय हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या पार्टी उस वार्ड में बढ़त हासिल कर सकती है। यह निर्देश ऐसे समय आया है जब तृणमूल अपने शहरी आधार में आ रही कमी को लेकर चिंतित है। हालांकि पार्टी ग्रामीण बंगाल के बड़े हिस्से में चुनावी रूप से मजबूत बनी हुई है, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों ने कोलकाता और आसपास के कई शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में इसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया। कोलकाता, हावड़ा, उत्तर 24 परगना और औद्योगिक क्षेत्र के कई नगर निगम वार्डों में भाजपा ने या तो बढ़त हासिल की थी या तृणमूल की बढ़त को काफी कम कर दिया था।

# सीईओ से मिले भाजपा नेता, ममता बनर्जी पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप, आयोग को सौंपे वीडियो सबूत



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में प्रस्तावित 2026 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा के राज्य अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कई मुद्दे उठाए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चुनाव आयोग को दो वीडियो सबूत सौंपे गए हैं। अधिकारी के अनुसार, एक वीडियो में मुख्यमंत्री महिलाओं को केंद्रीय बलों का विरोध करने और घरेलू सामान का इस्तेमाल कर उन पर हमला करने के लिए उकसाती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान कानून–व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े करते हैं।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए इस प्रकार की टिप्पणी गंभीर मामला है, क्योंकि राज्य पुलिस उनके अधीन कार्य करती है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि अन्य नेताओं के मामलों में चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई करता है तो वही मानक मुख्यमंत्री पर भी लागू होने चाहिए। भाजपा नेता ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा निदेशक मनोज वर्मा मुख्यमंत्री और उनके दल के नेताओं की आवाजाही के लिए प्रमुख सड़कों को बंद करवा रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा अधिकारी ने यह भी दावा किया कि कुछ पुलिस अधीक्षक तबादले के बावजूद प्रशासनिक कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कई गैर–मौजूद व्यक्तियों के नाम हटाने के लिए फॉर्म–7 जमा करने के बावजूद उनके नाम अभी भी मतदाता सूची में बने हुए हैं। भाजपा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी सीईओ को सौंपते हुए तत्काल सुधार की मांग की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और चुनाव आयोग से सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा करती है। इस दौरान सांसद महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, शिशिर बाजोरिया, चौरंगी से भाजपा प्रत्याशी संतोष पाठक, भोला सोनकर, दीपक सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# प.बंगाल की मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट पर एसआईआर, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दों का हो सकता है असर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दो–तिहाई मुस्लिम आबादी वाले मुर्शिदाबाद जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नामों का हटाया जाना और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण ऐसे मुद्दे हैं जो विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों का राजनीतिक भविष्य तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। एसआईआर के बाद 28 फरवरी को प्रकाशित मतदाता सूची में मुर्शिदाबाद के 55 लाख मतदाताओं में से 11 लाख से अधिक को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया, जो कुल मतदाताओं का लगभग 20 प्रतिशत है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बड़े पैमाने पर नाम हटने से भले ही तृणमूल कांग्रेस को थोड़ी मुश्किलें आ सकती हैं, लेकिन मतदाता सत्तारूढ़ दल के पक्ष में एकजुट हो सकते हैं। इसके अलावा, 2025 से जिले में बार–बार होने वाली सांप्रदायिक हिंसा भी राजनीतिक विमर्श पर हावी है। शमशेरगंज में 12 अप्रैल 2025 को 72 वर्षीय हरगोविंद दास और उनके बेटे चंदन (42) की भीड़ द्वारा की गई हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शन जांगीपुर, शमशेरगंज, धुलियान और सूती में हिंसक हो गए थे। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किए, पुलिस वाहनों और कई घरों में आगजनी की। यहां तक कि आग बुझाने से रोकने के लिए पानी की आपूर्ति बाधित करने की भी खबरें सामने आईं। हिंसा पर काबू पाने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद केंद्रीय बलों की तैनाती, निषेधाज्ञा और अस्थायी रूप से इंटरनेट बंद करने जैसे कदम उठाए गए। करीब 60 प्राथमिकी दर्ज की गई और लगभग 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि सैकड़ों लोग भागीरथी नदी पार कर मालदा जिले में शरण लेने को मजबूर हुए। घटना के लगभग एक साल बाद भी इसके जख्म हरे हैं। 2021 के चुनावों में तृणमूल ने शमशेरगंज, सूती और जांगीपुर सीट बड़े अंतर से जीती थीं। जांगीपुर के रघुनाथगंज में 27 मार्च को राम नवमी शोभा यात्रा के दौरान फिर हिंसा भड़की, जिसमें मुस्लिम समुदाय के स्वामित्व वाली दुकानों और ठेलों को निशाना बनाते हुए आगजनी की गई। जांगीपुर से तृणमूल के दो बार के विधायक जाकिर हुसैन ने इन घटनाओं को भाजपा की रणनीति बताया। फिर से किस्मत आजमा रहे हुसैन ने आरोप लगाया कि भाजपा सांप्रदायिक तनाव पैदा कर हिंदू मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है। हुसैन ने 2021 में 53.65 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, जबकि भाजपा 22.17 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। इस बार भाजपा ने इस सीट से वकील चित्तो मुखर्जी को उम्मीदवार बनाया है। शमशेरगंज में तृणमूल ने हाल में पार्टी में शामिल हुए स्थानीय उद्यमी नूर आलम को टिकट दिया है, जबकि मौजूदा विधायक अमीरुल इस्लाम को फरक्का सीट से मैदान में उतारा गया है। रोचक बात यह है कि एसआईआर के बाद आलम का नाम भी 'विचाराधीन' सूची में शामिल था, जो इस चुनाव में कई उम्मीदवारों के साथ देखने को मिल रहा है। वहीं, उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा के षष्ठी चरण घोष तृणमूल सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों को मुद्दा बना रहे हैं। उन्होंने जल निकासी, स्वास्थ्य सेवाओं, सड़क नेटवर्क, गंगा कटाव और बेरोजगारी को प्रमुख समस्याएं बताया। सूती सीट पर तृणमूल ने मौजूदा विधायक इमानी बिश्वास पर फिर भरोसा जताया है, जिनका मुकाबला भाजपा के नए चेहरे महावीर घोष से होगा।

www.samagya.in

विघ्नानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# बकाया डीए और डीआर को लेकर वित्त विभाग ने बुलाई समीक्षा बैठक

## शिक्षा संस्थानों और अन्य निकायों के कर्मियों के बकाया भुगतान पर होगा मंथन; शीर्ष अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश

**कोलकाता :** बंगाल सरकार ने सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के बकाया महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य वित्त विभाग ने अप्रैल 2008 से दिसंबर 2019 तक की अवधि के बकाया डीए और डीआर के आंकड़ों के संग्रह की प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।



नवान्न (राज्य सचिवालय) द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, इस बैठक की अध्यक्षता वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव करेंगे। इसमें उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, परिवहन, पंचायती राज और अल्पसंख्यक मामलों सहित सात प्रमुख विभागों के शीर्ष अधिकारियों और वित्तीय सलाहकारों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि 12 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इन विभागों से कर्मचारियों को अब तक भुगतान किए गए वास्तविक डीए का विस्तृत विवरण मांगा गया था।

प्रशासनिक हलकों में इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाल ही में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि शिक्षक, पंचायत और नगर पालिका कर्मियों सहित सहायता प्राप्त संस्थानों के कर्मचारियों को मार्च 2026 से 'रोपा 2009' के तहत बकाया राशि मिलना शुरू हो जाएगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद राज्य सरकार ने इसी मार्च में सरकारी कर्मचारियों को बकाया भुगतान की प्रक्रिया शुरू की है।

विपक्षी संगठनों और 'संग्रामी जोथ मंच' का आरोप है कि सरकार केवल प्रत्यक्ष सरकारी कर्मचारियों को ही भुगतान कर रही है, जबकि सहायता प्राप्त संस्थानों के कर्मियों को इससे वंचित रखा गया है। साथ ही, भुगतान की गई राशि को भी अपर्याप्त बताया गया है। 15 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई से पहले नवान्न की यह सक्रियता राज्य की भावी रणनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## बंगाल में बिना स्थायी परिसर के संचालित हो रहे हैं सात नए विश्वविद्यालय

- **अधिकांश में स्थायी शिक्षकों की नहीं हो सकी है नियुक्ति**
- **कईयों को नहीं मिल पाया डिग्री प्रदान करने का पूर्ण अधिकार**
- **छात्रों की संख्या में लगातार दर्ज की जा रही है गिरावट**

**कोलकाता :** बंगाल में स्थापित 11 नए विश्वविद्यालयों में सात अब भी बिना स्थायी परिसर के संचालित हो रहे हैं। अधिकांश विश्वविद्यालयों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है और पढ़ाई अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रही है। जानकारी के अनुसार, कई विश्वविद्यालयों को अभी तक डिग्री प्रदान करने का पूर्ण अधिकार भी नहीं मिल पाया है। वहीं, छात्रों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जो इन संस्थानों की स्थिति पर सवाल खड़े करती है।

2017 में विश्वविद्यालयों की घोषणा करते समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि राज्य में ऐसे संस्थान बनाए जाएंगे जो हार्वर्ड विश्वविद्यालय और शिकागो विश्वविद्यालय जैसे वैश्विक स्तर के संस्थानों की बराबरी कर सकें।

इसके तहत दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, नदिया और झाड़ग्राम सहित कई जिलों में विश्वविद्यालय स्थापित किए गए। हालांकि, जमीनी स्तर पर हालात अलग तस्वीर पेश करते हैं। दक्षिण दिनाजपुर विश्वविद्यालय, हरिचंद-गुरुचंद विश्वविद्यालय और हिंदी विश्वविद्यालय जैसे कई संस्थान अब भी अस्थायी परिसरों से चल रहे हैं। कहीं भवन निर्माण अधूरा है, तो कहीं तैयार इमारत का उपयोग ही नहीं हो पा रहा। शिक्षकों की कमी भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। सभी विश्वविद्यालयों में अतिथि शिक्षक ही पढ़ा रहे हैं, जिन्हें प्रति कक्षा लगभग 500 रुपये मानदेय दिया जाता है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। छात्रों की संख्या में गिरावट भी चिंता का विषय है। कई जगह बड़ी संख्या में छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ रहे हैं, जबकि नए प्रवेश भी लगातार कम हो रहे हैं। इस बीच, कुलपति नियुक्ति और प्रशासनिक फैसलों को लेकर राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव भी स्थिति को प्रभावित करता रहा। मामला बढ़ने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ी। हालांकि, झाड़ग्राम और बोलपुर के कुछ विश्वविद्यालयों में बुनियादी ढांचा अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन वहां भी स्थायी शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

## पूर्व रेलवे की पेंशनभोगियों को चेतावनी, पेंशन धोखाधड़ी से रहें सावधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने पेंशनभोगियों को बढ़ती धोखाधड़ी की घटनाओं को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि जालसाज अब खुद को रेलवे या बैंक अधिकारी बताकर पेंशनभोगियों को निशाना बना रहे हैं और उनकी जीवनभर की बचत हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में 68 वर्षीय सेवानिवृत्त वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर श्री दास के साथ ऐसा ही एक मामला सामने आया। एक अज्ञात कॉलर ने खुद को रेलवे लेखा विभाग का अधिकारी बताते हुए उनसे पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) अपडेट करने के नाम पर ओटीपी मांगा और पेंशन रोकने की धमकी दी। हालांकि, संदेह होने पर श्री दास ने कॉल काटकर अपने पुराने कार्यालय से संपर्क किया और ठगी से बच गए, लेकिन कई अन्य लोग इस जाल में फंस चुके हैं। पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कोई भी बैंक या रेलवे अधिकारी सत्यापन के लिए कभी ओटीपी नहीं मांगता। पेंशनभोगियों को सलाह दी गई है कि वे अपना पीपीओ, बैंक विवरण या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। रेलवे ने यह भी कहा कि पेंशनभोगी हर वर्ष नवंबर में जीवन प्रमाण पोर्टल या ऐप के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करें और किसी भी सहायता के लिए सीधे बैंक या संबंधित कार्यालय से संपर्क करें। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराम माझी ने कहा कि पेंशनभोगियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी को अनचाहे कॉल से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## कोलकाता में निकली पहली साईं निशान यात्रा, 600 भक्तों की भागीदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के हेदुआ स्थित साईं मंदिर से 29 मार्च को पहली बार भव्य साईं निशान यात्रा निकाली गई। दोपहर 3 बजे शुरू हुई इस यात्रा में लगभग 180 निशानों के साथ करीब 600 महिला-पुरुष भक्तों ने भाग लिया। श्रद्धा और उत्साह से भरी इस यात्रा को साईं भक्तों के लिए एक नई धार्मिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। बाजे-गाजे और भक्ति गीतों के बीच द्वारका माई के साईं बाबा की प्रतिमा को सजी-धजी घोड़ा गाड़ी में विराजमान कर हेदुआ सत्य साईं मंदिर से यात्रा की शुरुआत की गई। यह शोभायात्रा मानिकतल्ला शीतला मंदिर होते हुए आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रोड के रास्ते रंगना साईं मंदिर तक पहुंची, जहां भक्तों ने बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

यात्रा मार्ग में भक्तों की सेवा के लिए विभिन्न संस्थाओं ने सेवा शिविर लगाए। इनमें प्रांतीय जायसवाल समाज, जायसवाल युवा मंच चलताबागान, सत्कर्म ज्ञान यज्ञ समिति, आओ साईं कोलकाता, पंचमुखी हनुमान भक्त मंडल, श्री साईं भक्त मंडल टैगोर कासल स्ट्रीट, जायसवाल युवा मंच मानिकतल्ला, साईं संस्कार परिवार महिला समिति तथा श्री साईं धाम मंदिर शामिल थे। इन संस्थाओं की ओर से श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, पेय पदार्थ, बिस्कुट, आइसक्रीम, सिंघाड़ा और चाय का वितरण किया गया।



इस आयोजन को सफल बनाने में रीना जायसवाल, गणेश जायसवाल और अरुण जायसवाल की मुख्य भूमिका रही। इनके अलावा जयप्रकाश जायसवाल, आशीष जायसवाल, आलोक मिश्रा, सस्वती नाथ, राजू दा, पुष्पा जायसवाल और धनराज जायसवाल सहित कई साईं भक्तों ने सक्रिय सहयोग दिया।

आयोजकों के अनुसार इस साईं निशान यात्रा का विचार सबसे पहले रीना जायसवाल के मन में आया था। उन्होंने अन्य देवी-देवताओं की तरह साईं बाबा को भी निशान अर्पित करने की परंपरा शुरू करने का सुझाव दिया। इसके बाद गणेश जायसवाल और अरुण जायसवाल से चर्चा कर तैयारियां शुरू की गईं और मात्र 21 दिनों में सभी भक्तों के सहयोग से इस भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

## बंगाल के नदिया जिले में चुनाव प्रशिक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में बीडीओ निलंबित

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने नदिया जिले में मतदान प्रशिक्षण स्थल पर हुई हिंसा के बाद एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित करने का मंगलवार को आदेश दिया और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। हिंसा की घटना 27 मार्च को हंसखाली प्रखंड के एक स्कूल में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसमें एक शिक्षक को सिर में चोटें आईं। इस घटना के संबंध में राणाघाट पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। राज्य प्रशासन को भेजे गए एक पत्र में आयोग ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के समग्र प्रभारी हंसखाली के बीडीओ सायंतन भट्टाचार्य 'चुनाव कर्तव्य का निर्वहन करने में मानक प्रोटोकॉल बनाए रखने में विफल रहे।' आयोग ने निर्देश दिया कि भट्टाचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की जाए। आयोग ने राज्य प्रशासन से निर्देशों को तुरंत लागू करने और एक अप्रैल को दिन में 11 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय पर कथित तौर पर तब हमला किया गया जब उन्होंने एक सरकारी विज्ञापन के प्रदर्शन पर आपत्ति जताई। कुछ प्रतिभागियों के अनुसार, सत्र शुरू होने से पहले एक प्रोजेक्टर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दर्शाने वाला एक सरकारी विज्ञापन दिखाया गया, जिसपर कुछ मतदान अधिकारियों ने आपत्ति जताई और कहा कि यह आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन है।

## बंगाल पुलिस ने करोड़ों रुपये के साइबर धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति पवन रुइया को गिरफ्तार किया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने उद्योगपति पवन रुइया को मुखौटा कंपनियों और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये धनशोधन कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिधाननगर साइबर अपराध पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद रुइया को कोलकाता के बाहरी इलाके न्यू टाउन में स्थित एक होटल के पास से पकड़ा गया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने साइबर अपराध मामलों की अपनी जांच के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज



किया है, जिसमें कथित तौर पर 315 करोड़ रुपये की लेनदेन मुखौटा कंपनियों और रुइया परिवार से जुड़े व्यक्तियों के बैंक खातों के जरिये होने की बात सामने आई। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा दिन में पहले आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों को दी गई अंतरिम सुरक्षा को रद्द करने के बाद हुई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले साल दिसंबर में उद्योगपति, उनके बेटे राघव और उनकी बेटी पल्लवी को देश भर में विभिन्न ऑनलाइन घोटालों से प्राप्त धनराशि को अपने बैंक खातों में जमा करने के आरोप में अग्रिम जमानत दे दी थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक यह मामला एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से संचालित फर्जी निवेश योजना के जरिए एक वरिष्ठ नागरिक से कथित तौर पर 93 लाख रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है।

## हॉर्सशू किडनी में जटिल पीयूजे रुकावट का सफलतापूर्वक किया गया इलाज़

**कोलकाता :** कोलकाता के आरजी स्टोन यूरोलॉजी एवं लैप्रोस्कोपी हॉस्पिटल में एक दुर्लभ और सफल शल्य-चिकित्सा के माध्यम से 23 वर्षीय एक मरीज का उपचार किया गया। इस मरीज को हॉर्सशू किडनी (जन्मजात बीमारी) में जटिल पीयूजे अवरोध की समस्या थी। यह प्रक्रिया उन्नत, न्यूनतम चीरा-आधारित लैप्रोस्कोपी तकनीक की सहायता से की गई। इस प्रक्रिया का नेतृत्व डॉ. ज़ीशान रहमान ने किया। चिकित्सकों ने सावधानीपूर्वक एक महत्वपूर्ण रक्त वाहिका को सुरक्षित रखा, किडनी की गंभीर सूजन (हाइड्रोनेफ्रोसिस) को कम किया और मरीज मात्र 3 दिनों में बिना दर्द के घर लौट सका।

आरजी कोलकाता के यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के कंसल्टेंट डॉ ज़ीशान रहमान ने कहा, हॉर्सशू किडनी में पीयूजे अवरोध का इलाज़ उसकी बदली हुई शारीरिक संरचना तथा संबंधित रक्त वाहिकाओं की विविधताओं के कारण स्वाभाविक रूप से जटिल होता है। इस मामले में रुकावट को खत्म करने के साथ-साथ उस पारगामी रक्त वाहिका (क्रॉसिंग वेसल) को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक था। उन्नत लैप्रोस्कोपिक तकनीकों की सहायता से हम इन दोनों चीजों को करने में सफल रहे। इससे मरीज़ को काफी राहत मिली और उसकी रिकवरी भी जल्दी हुई।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में महावीर जयंती का पारंपरिक आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता के पारसमल कांकरिया सभागार में भगवान महावीर की जयंती के उपलक्ष्य में पारंपरिक एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के बीच संभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भगवान महावीर के जीवन, सिद्धांतों और आदर्शों पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात व्यवसायी एवं श्री स्थानकवासी जैन सभा के अध्यक्ष विनोद मिन्नी ने की। वहीं, विद्यालय के अध्यक्ष तथा सभा के सचिव विनोद कांकरिया की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मनोज बोथरा ने स्वागत भाषण देते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अपने



संबोधन में विनोद कांकरिया ने वर्तमान समय में अहिंसा और सेवा भावना की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में देवांश तिवारी ने प्रथम, रौनक गुप्ता ने द्वितीय तथा पीयूष मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः 7500, 5000 और 3000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप 500 रुपये दिए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका एस. दास ने किया तथा अंत में प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए छात्रों को आत्मसंयम और आत्मविजय का संदेश दिया। इस अवसर पर ललित कांकरिया, अशोक मिन्नी और प्रदीप पटवा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### उत्तर पश्चिम रेलवे के बांदीकुई स्टेशन पर दो एक्सप्रेस ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के अंतर्गत बांदीकुई स्टेशन पर दो एक्सप्रेस ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव का निर्णय लिया है। यह ठहराव प्रायोगिक आधार पर प्रदान किया जाएगा। 12308 जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सप्ताह में 4 दिन) तथा 22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सप्ताह में 3 दिन) को बांदीकुई स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। इसके तहत, 12308 जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 31 मार्च से तथा 22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 01 अप्रैल से अपनी यात्रा के दौरान बांदीकुई स्टेशन पर प्रातः 06:08 बजे पहुंचेगी और यहां 2 मिनट का ठहराव करेगी।

### टाटा सॉल्ट ने देशभर की टेस्टिंग में शुद्धता के साथ कैटेगरी लीडरशिप को किया और मजबूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा सॉल्ट ने एक बार फिर अपनी शुद्धता और गुणवत्ता के दम पर बाजार में अपनी मजबूत पहचान साबित की है। हाल ही में किए गए एक लैब टेस्ट में देशभर के 100 अलग-अलग नमक ब्रांड्स की जांच की गई, जिसमें टाटा सॉल्ट सबसे अधिक शुद्ध पाया गया। इस परिणाम ने नमक की श्रेणी में टाटा सॉल्ट की लीडरशिप को और मजबूत किया है। साल 1983 से टाटा सॉल्ट भारतीय उपभोक्ताओं के बीच भरोसेमंद ब्रांड बना हुआ है। कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सख्त मानकों और नियमों के तहत नियमित जांच कराती है। ताजा जांच के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया कि शुद्धता और विश्वसनीयता के मामले में टाटा सॉल्ट उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना हुआ है। चार दशकों से अधिक के सफर में टाटा सॉल्ट ने लगातार लोगों का विश्वास जीता है। कंपनी का लक्ष्य उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और उचित आयोडीन युक्त नमक पहुंचाना है, ताकि लोग अपने परिवार की सेहत के लिए सही और भरोसेमंद विकल्प चुन सकें।

## 2625 वाँ भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

### भगवान महावीर भारतीय संस्कृति के दैदीप्यमान नक्षत्र : मुनि श्री जिनेश कुमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सानिध्य में 2625 वाँ भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, कोलकाता द्वारा महासभा भवन में हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृहत्तर कोलकाता के अच्छी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा - भगवान महावीर भारतीय संस्कृति के दैदीप्यमान नक्षत्र थे। वे महायोगी, महात्यागी, महातपस्वी, महामनस्वी, महातेजस्वी, महायशस्वी, महाप्रभावक थे। उनकी उज्ज्वलतम साधना संपूर्ण दीप्ति के साथ आज भी उद्भाषित हो रही है। वे अतीन्द्रिय चेतना के धनी थे। उनको ग्रंथों व पंथों में न खोजकर स्वयं में खोजने का प्रयत्न करें। उन्होंने आगे कहा - जो दूसरों को जीतता है वह वीर होता है और जो स्वयं को जीतता है वह महावीर होता है। भगवान महावीर का जन्म चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को मध्य रात्रि में हुआ। उनकी माता त्रिशला एवं पिता सिद्धार्थ थे। उन्होंने साधना कर केवल ज्ञान को प्राप्त किया। उन्होंने तीर्थ की स्थापना कर दुनिया को अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह का संदेश प्रदान किया। उनके सिद्धांत वर्तमान में भी बहुत उपयोगी है। उनको जीवन में लागू किया जाए तो अनेक समस्याओं का समाधान संभव है। भगवान महावीर में मातृ भक्ति, भातृ प्रेम, करुणा, निरभिमानता व सहनशीलता विशिष्ट थी। उनका जीवन सभी के लिए आदर्श प्रेरणा है। महावीर जयंती के अवसर पर सभी के प्रति आध्यात्मिक शुभकामनाएं देता हूं। मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, मध्य कोलकाता के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा कोलकाता के अध्यक्ष अजय भंसाली ने दिया। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के प्रधान न्यासी सुरेश जी गोयल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम कोलकाता जनरल के अध्यक्ष प्रतीक दुगड़ ने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्वांचल उत्तर हावड़ा, उपनगरीय, टॉलीगंज, साउथ कोलकाता, साउथ हावड़ा, सॉल्टलेक क्षेत्र की ज्ञानशालाओं ने भगवान महावीर के जीवन दर्शन के अलग अलग विषय पर झांकियां प्रस्तुत की। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय की छात्रा दीपिका सिंह ने भगवान महावीर पर अपने विचार व्यक्त किए। आभार ज्ञापन कोलकाता सभा के मंत्री उमेद जी



नाहटा ने किया। झांकियां एवं लघु नाटिकाओं का परिणाम निर्णायक सुशील जी चोरड़िया, धर्मेंद्र जी चोरड़िया व शशि जी दुगड़ ने तैयार कर घोषित किया। प्रथम स्थान पर दक्षिण हावड़ा सभा, द्वितीय स्थान पर पूर्वांचल सभा, तृतीय स्थान पर उत्तर हावड़ा सभा एवं चतुर्थ स्थान पर सबअर्बन की ज्ञानशाला रही। बाकी संभागीयों को सहभागिता पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार सम्मान कार्यक्रम का संचालन बुधमल लूनिया ने किया। कार्यक्रम में नगर के मुख्य मुख्य मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें वृहत्तर कोलकाता के अच्छी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने सहभागिता दर्ज की। साथ ही जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने भी शोभा यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक बुधमल जी लूनिया व विजय जी चोपड़ा थे।

### गार्नियर कलर नेचुरल्स ने मनाया मां-बेटी के भरोसे का जश्न, रवीना टंडन और राशा थडानी के साथ नई कैंपेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्नियर कलर नेचुरल्स ने अपने नए ट्रस्ट कैंपेन के जरिए मां-बेटी के भरोसे भरे रिश्ते को केंद्र में रखते हुए अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी को साथ पेश किया है। यह अभियान घर पर आसान हेयर कलरिंग और ब्रांड के भरोसे को दर्शाने पर आधारित है। कैंपेन फिल्म में मां-बेटी के बीच एक सहज पल दिखाया गया है, जहां राशा बाल रंगने के बाद अपनी मां से आत्मविश्वास भरी मंजूरी चाहती हैं। संवाद के जरिए यह संदेश दिया गया है कि मां का भरोसा और मान्यता आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। रवीना टंडन ने कहा कि मां के लिए सबसे बड़ी खुशी तब होती है जब बच्चे उसके चुनावों पर भरोसा करें। वहीं, राशा थडानी ने बताया कि उनकी माँ हमेशा उनकी प्रेरणा और सबसे ईमानदार सलाहकार रही हैं। गार्नियर के जनरल मैनेजर अजय सिम्हा के अनुसार, यह कैंपेन घर पर हेयर कलरिंग में ब्रांड के भरोसे और पीढ़ियों से जुड़े रिश्ते को मजबूत करता है।

### सियालदह डिवीजन ने सारगाछी में पहला 'गति शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल' किया शुरू




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने रेलवे लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुर्शिदाबाद जिले के सारगाछी रेलवे स्टेशन पर अपना पहला गति शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) शुरू किया है। कृष्णनगर-लालगोला खंड पर स्थित इस आधुनिक टर्मिनल का संचालन एम/एस एलईएपी एग्री लॉजिस्टिक्स (मुर्शिदाबाद) प्राइवेट लिमिटेड (एलएजीएस) द्वारा किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक सुविधा मुख्य रूप से आवश्यक खाद्यान्नों के आवक परिवहन को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। इसके माध्यम से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के लिए गेहूं की रेक्स की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। टर्मिनल की क्षमता प्रति माह 2 से 3 रेक संभालने की है, जिसमें प्रत्येक रेक में लगभग 2500 टन खाद्यान्न होता है। इस टर्मिनल की प्रमुख विशेषता आधुनिक और उच्च क्षमता वाले साइलो हैं, जो खाद्यान्न के बेहतर भंडारण, सुरक्षित हैंडलिंग तथा पर्यावरणीय प्रभावों और कीट संक्रमण से सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। संचालन के पहले दिन से ही सुचारु कार्यप्रवाह बनाए रखने के लिए डिवीजन ने स्टेशन और टर्मिनल के बीच मूवमेंट के लिए संरचित शंटिंग शुल्क भी लागू किया है। रेल मंत्रालय की 'गति शक्ति' पहल के तहत स्थापित यह टर्मिनल आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ाने, परिवहन लागत कम करने और मुर्शिदाबाद क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## हावड़ा जिला भाजयुमो के जिला सचिव बने अभिषेक प्रताप सिंह

**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने हावड़ा जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की नई जिला कमेटी की घोषणा की है। इस कमेटी में मध्य हावड़ा के वार्ड 29 निवासी युवा नेता अभिषेक प्रताप सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के अवसर पर संध्या बाजार में नव-नियुक्त जिला सचिव अभिषेक प्रताप सिंह की ओर से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन्हें बधाई देने के लिए भाजयुमो के जिला अध्यक्ष जीत भट्टाचार्य, भाजपा जिला नेता सुधीर सिंह, अजय मन्ना, मध्य हावड़ा के प्रवासी विस्तारक अशोक मोंगा, गोपाल दत्ता तथा भाजयुमो जिला महासचिव विशाल जायसवाल सहित जिला, विधानसभा और मंडल स्तर के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिषेक प्रताप सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने संगठन को मजबूत करने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया।



## चिरेका ने रचा इतिहास: वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 800 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का उत्पादन

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) ने वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रिकॉर्ड 800 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह अब तक का सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन है। इनमें चिरेका की चित्तरंजन इकाई के 600 और डानकुनी लोको वर्क्स के 200 लोकोमोटिव शामिल हैं। इस अवसर पर 31 मार्च को कारखाना परिसर स्थित गोलिएथ यार्ड से पांच नए इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को समारोहपूर्वक रवाना किया गया। इनमें अमृत भारत ट्रेनों के लिए डबल्यूएपी-5 पुश-पुल एरोडायनामिक लोको (एक जोड़ा), डबल्यूएजी-9एचसी ट्विन लोको (एक जोड़ा) तथा एक डबल्यूएजी-9एचसी लोको शामिल है।




चिरेका के महाप्रबंधक मोहित चंद्रा ने 800वें लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नारियल फोड़े गए और मिठाइयां बांटी गईं। इससे पहले महाप्रबंधक ने डानकुनी लोको वर्क्स से इस वित्त वर्ष के 200वें लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई, जो वहां की स्थापना के बाद किसी भी वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक उत्पादन का रिकॉर्ड है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चिरेका ने कुल 700 लोकोमोटिव बनाए थे। भारतीय रेलवे के तेज विद्युतीकरण अभियान के बीच 800 इलेक्ट्रिक इंजनों का उत्पादन रेल परिवहन को सुगम बनाने, ईंधन लागत घटाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

महाप्रबंधक मोहित चंद्रा ने इस उपलब्धि के लिए टीम सीएलडब्ल्यू के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता ने चिरेका को दुनिया के अग्रणी लोकोमोटिव निर्माताओं में और मजबूत पहचान दिलाई है।

# चुनाव ड्यूटी में वाहनों की जब्ती पर सवाल: नियम, अधिकार और सच्चाई की पूरी पड़ताल

आलोक प्रसाद


एआई

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनज़र राज्यभर में बड़ी संख्या में निजी और वाणिज्यिक वाहनों को चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित (रिक्विजिशन) किया जा रहा है। इस बीच सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कई वीडियो में ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क पर ही वाहनों को रोककर रिक्विजिशन नोटिस थमाते हुए देखा गया है। समाज्ञा इन वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि ऐसे में आम लोगों के मन में सवाल उठ रहा है– क्या यह प्रक्रिया वैध है? वाहन कब और किन शर्तों पर लिए जा सकते हैं? क्या इससे इनकार किया जा सकता है?

**❑ आखिर क्यों लिए जाते हैं निजी और व्यावसायिक वाहन?**

चुनाव केवल मतदान का दिन नहीं होता, बल्कि यह एक विशाल प्रशासनिक और सुरक्षा अभियान होता है। हजारों मतदान केंद्रों तक कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित पहुंचाना होता है।

इसीलिए प्रशासन को बड़ी संख्या में वाहनों की जरूरत पड़ती है। सरकारी संसाधन सीमित होने के कारण निजी और वाणिज्यिक वाहनों को अस्थायी रूप से अधिग्रहित किया जाता है, ताकि चुनाव प्रक्रिया बिना बाधा के पूरी हो सके।

**❑ कानून क्या कहता है–और 2006 के दिशा–निर्देश क्यों महत्वपूर्ण हैं?**

वाहनों की यह जब्ती मनमानी नहीं है, बल्कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों और चुनाव कानूनों के तहत होती है।

**विशेष रूप से 2006 में जारी दिशा–निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया कि:**

■ वाहन अधिग्रहण एक संगठित और पूर्व–नियोजित प्रक्रिया होगी
■ केवल जिलाधिकारी या अधिकृत निर्वाचन अधिकारी ही इसका आदेश दे सकते हैं
■ वाहन मालिक को लिखित नोटिस देकर पहले से सूचित करना जरूरी है
■ सरकार को इसके बदले उचित मुआवजा देना होगा

इन निर्देशों का मकसद यही था कि प्रशासन की जरूरत भी पूरी हो और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी भी न हो।

**❑ जमीनी स्तर पर पूरी प्रक्रिया कैसे चलती है?**

व्यवहार में प्रशासन पहले से ही संभावित वाहनों की सूची तैयार करता है–जैसे बसें, ट्रक, टैक्सी या निजी गाड़ियां। इसके बाद संबंधित मालिक को एक आधिकारिक नोटिस भेजा जाता है, जिसमें बताया जाता है कि किस तारीख को, किस स्थान पर वाहन रिपोर्ट करना है।

वाहन कुछ दिनों के लिए चुनाव ड्यूटी में लगाया जाता है और ड्यूटी खत्म होने के बाद वापस कर दिया जाता है। बाद में तय दरों के अनुसार भुगतान भी किया जाता है, हालांकि कई बार इसमें देरी की शिकायतें भी सामने आती हैं।

**❑ वायरल वीडियो का सच: क्या सड़क पर रोककर नोटिस देना सही है?**

यहीं सबसे बड़ा सवाल उठता है। नियमों के मुताबिक, वाहन अधिग्रहण पहले से तय सूची और लिखित आदेश के आधार पर होना चाहिए। लेकिन कई बार देखा जाता है कि पुलिसकर्मी सड़क पर ही वाहन रोककर नोटिस दे देते हैं। अगर यह कार्रवाई किसी पूर्व–स्वीकृत आधिकारिक आदेश के तहत हो– और नोटिस पूरी तरह वैध, स्पष्ट और हस्ताक्षरित हो–तो इसे कानून के दायरे में माना जा सकता है। लेकिन अगर बिना स्पष्ट आदेश, बिना सही दस्तावेज या दबाव बनाकर वाहन तुरंत लेने की कोशिश की जाए, तो यह प्रक्रिया संदिग्ध या अवैध मानी जा सकती है।

**❑ आम आदमी कैसे पहचाने कि प्रक्रिया सही है या नहीं?**

यह समझना बहुत जरूरी है कि हर नोटिस वैध नहीं होता।

**एक वैध नोटिस में:**

■ सक्षम अधिकारी (जिलाधिकारी/एसडीओ) का नाम और हस्ताक्षर होना चाहिए
■ सरकारी मुहर साफ दिखनी चाहिए
■ वाहन नंबर और ड्यूटी का पूरा विवरण दर्ज होना चाहिए
■ वाहन जमा करने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए

अगर इनमें से कुछ भी गायब है, तो वाहन मालिक को सतर्क हो जाना चाहिए और संबंधित चुनाव कार्यालय से पुष्टि करनी चाहिए।

**❑ क्या वाहन देने से मना किया जा सकता है?**

सामान्यतः चुनाव ड्यूटी के लिए वाहन देना एक कानूनी दायित्व है, इसलिए सीधे मना करना आसान नहीं होता।

**लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में राहत मांगी जा सकती है, जैसे:**

■ वाहन किसी आपातकालीन चिकित्सा सेवा में लगा हो
■ पहले से किसी सरकारी या न्यायिक कार्य में उपयोग हो रहा हो
■ नोटिस में गंभीर त्रुटि या संदेह हो

ऐसे मामलों में वाहन मालिक लिखित आवेदन देकर प्रशासन से छूट या बदलाव की मांग कर सकता है।

**❑ निष्कर्ष: अधिकार और जिम्मेदारी दोनों समझना जरूरी**

चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है, और इसे सफल बनाने के लिए प्रशासन को हर संभव संसाधन जुटाने पड़ते हैं। लेकिन इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि यह प्रक्रिया पारदर्शी और नियमों के अनुरूप हो, ताकि आम नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन न हो।

वाहन मालिकों के लिए समझदारी यही है कि वे नियमों की जानकारी रखें, दस्तावेज जांचें और जरूरत पड़ने पर अपने अधिकारों का सही तरीके से इस्तेमाल करें।

प्रशासन के लिए जहां निष्पक्ष चुनाव कराना प्राथमिकता है, वहीं नागरिकों के अधिकारों की रक्षा भी उतनी ही जरूरी है।

## चुनाव ड्यूटी कर्मियों को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनज़र चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। गृह एवं पर्वतीय कार्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव कार्य में लगे सभी कर्मियों को आवश्यकता पड़ने पर सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। यह व्यवस्था चुनाव ड्यूटी के दौरान बीमार पड़ने, दुर्घटना होने या किसी प्रकार की चोट लगने की स्थिति में लागू होगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस सुविधा का लाभ सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त निजी व्यक्तियों, जैसे ड्राइवर, क्लीनर और अन्य सहयोगी कर्मियों को भी मिलेगा। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की जांच और संचालन से जुड़े तकनीकी कर्मियों तथा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों को भी योजना के दायरे में शामिल किया गया है। अधिसूचना के अनुसार उपचार की सुविधा राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी। संबंधित जिला चुनाव अधिकारी, पुलिस अधिकारी या अधिकृत प्रशासनिक अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर कर्मियों को कैशलेस इलाज दिया जाएगा। अस्पतालों को निर्धारित दरों के अनुसार उपचार करना होगा और उपचार का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। सरकार ने यह भी कहा है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में कर्मियों की तैनाती को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–38ए–25, दिनांक 26.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–38ए–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/1/हावड़ा के अधीन झील साइडिंग में लाइन नं. 16, 17, 18, 19 के विस्तार के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,26,14,529.46, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,13,100/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-716/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**

**कोटा मण्डल**
**खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी, दि. 28.03.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिये अथवा उनकी ओर से **वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.), प.म.रे., कोटा,** निम्न कार्य के लिये खुली मोहरबंद ई–निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.सं.: 1. निविदा संख्या:** ईएल/टीआरडी/50/32 (2025-26). **कार्य का नाम: ओएचइ वर्क फॉर प्रोविशन ऑफ AT सप्लाइ इन कनेक्शन विथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम विथ डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) एट वेरियस लोकेशन्स इन कोटा डिवीज़न। कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,31,14,088.62. **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 21.04.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकें: http://www.ireps.gov.in.** पता – वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) कोटा, प्रथम तल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई–टेंडरिंग के माध्यम से **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दो ट्रेनों का बांदीकुई स्टेशन पर परीक्षण के तौर पर ठहराव**

नीचे उल्लेखित ट्रेनें परीक्षण के तौर पर अगली सूचना दी जाने तक उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत **बांदीकुई** स्टेशन में निम्नानुसार ठहरेंगी :-

| ट्रेन सं. एवं नाम | बांदीकुई में समय-सूची | | ठहराव जब से प्रभावी |
|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | |
| 12308 जोधपुर-हावड़ा सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस [31.03.2026 (यात्रा शुरू होने की तिथि) से प्रभावी] | 06.08 | 06.10 | 01.04.2026 |
| 22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस [01.04.2026 (यात्रा शुरू होने की तिथि) से प्रभावी] | | | 02.04.2026 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 85 ईटी/2025-26** **दिनांक: 25.03.2026**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04261113 | बॉडी साइड बिन्डो एआरआरजीटी | 5408 नग | 10/04/2026 |
| | | एमरजेंसी ओपेनेबल विण्डो | 1352 नग | |
| 02 | 03261105 | सप्लाई, ऑफ वन कोच सेट आफ एल्यूमुनियम एक्सट्रूजन / मोल्डिंग फॉर एलएचबी जीएस अमृत भारत कोचेज | 49 सेट | 17/04/2026 |
| | | सप्लाई, ऑफ वन कोच सेट आफ एल्यूमुनियम एक्सट्रूजन / मोल्डिंग फॉर एलएचबी एससीएन अमृत भारत कोचेज | 72 सेट | |
| 03 | 03261123 | एल्यूमुनियम कम्पोजिट पैनल साइज 3×1350×1850 एमएम | 13044 नग | 21/04/2026 |
| | | एल्यूमुनियम कम्पोजिट पैनल साइज 3×1350×2100 एमएम | 834 नग | |
| 04 | 03261169 | लैवेटरी विन्डो विद फिक्सिड लूवर्स लूवर्स एन्ड सीलड ग्लास यूनिट फॉर एलएचबी कोचेज | 3202 नग | 10/04/2026 |
| 05 | 04241072ए | पाईप 18 x 2.0 एमएम इन लेन्थ ऑफ 6000 एमएम | 20542 एमटीआर | 13/04/2026 |
| 06 | 04261097 | डोर आरेंजमेंट फॉर एलएचबी अमृत भारत कोचेज | 270 नग | 17/04/2026 |
| | | डोर आरेंजमेंट फॉर एलएचबी अमृत भारत कोचेज | 368 नग | |
| | | सेट आफ बाडी साइड डोर फॉर एलएचबी अमृत भारत कोचेज | 28 सेट | |
| 07 | 04261110 | सेट ऑफ विन्डो इनर फ्रेम फॉर एलएचबी जीएस अमृत भारत कोचेज | 49 सेट | 17/04/2026 |
| 08 | 05251162ए | सप्लाई ऑफ बिलो डक्ट सेट-01 सेट कनसिस्टिंग ऑफ 01 नम्बर. ऑफ सप्लाई एअर बिलो, 02नग ऑफ फ्रेश बिलोस एन्ड 02 नम्बर. ऑफ रिटर्न एअर बिलो डक्ट | 489 सेट | 21/04/2026 |
| 09 | 03251451 | सेट ऑफ पाइप सेलिंग किट फॉर लेवोटरी ऑफ एलएचबी एसी कोचेज | 404 सेट | 28/04/2026 |
| | | पाइप सेलिंग आरेजमेंट फॉर नान एसी एलएचबी कोचेज | 1992 नग | |
| | | पाइप सेलिंग आरेजमेंट फॉर नान एसी एलएचबी कोचेज (टाइप-1) | 2184 नग | |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | सं. 83 ईटी/2025-26 दिनांक: 16.03.2026 | टेंडर नं. 03251075बी | निविदा खुलने की तिथि 24/03/2026 के स्थान पर तिथि 07/04/2026 पढ़े। |
| 02 | सं. 83 ईटी/2025-26 दिनांक: 16.03.2026 | टेंडर नं. 05251075सी | निविदा खुलने की तिथि 24/03/2026 के स्थान पर तिथि 10/04/2026 पढ़े। |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ फर**

**ई-निविदा सूचना सं:-ELECT-PR-01-06-RT-2026** **दिनांक:-29.03.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस एवं परियोजना / एमसीएफ / आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

**विवरण:-**

**कार्य का नाम:** वर्कशॉप क्षेत्र में नए शेल शॉप के सामने 04 अदद शावर टेस्टिंग सुविधा और प्रोफ्लेक्स शेड का प्रावधान। **कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली। **अनुमानित लागत:** रु 56,43,727.17 (रु छप्पन लाख तैंतालीस हजार सात सौ सताईस रुपये और सत्रह पैसे मात्र)। **अमानत राशि:** रु 1,12,900.00 (रु एक लाख बारह हजार नौ सौ रुपये मात्र)। **कार्य समाप्ति की अवधि:** 10 (दस माह)। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.04.2026 at 15.30 बजे। **अन्य शर्तें:** अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस एवं परियोजना/एमसीएफ/आरबीएल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के दशम सत्र के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन



**कोलकाता, समाज्ञा :** वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के आगामी दशम सत्र के लिए नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चयन प्रक्रिया भगवान महेश के जयकारों के बीच चुनाव अधिकारी कल्पना गगरानी और पर्यवेक्षक आशा जी माहेश्वरी के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण और निर्विरोध तरीके से पूरी की गई। चयन के अनुसार हावड़ा अंचल की कुसुम मूंदड़ा को प्रदेश अध्यक्ष, हिन्दमोटर अंचल की शुभांगी राठी को प्रदेश सचिव, बीआईपी अंचल की सीमा सोमानी को प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा बेलघरिया अंचल की दीपा जी लखोटिया को संगठन मंत्री चुना गया। इसके साथ ही नई टीम की भी घोषणा की गई, जिसे उपस्थित सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। यह चयन प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष व सलाहकार राज झंवर, सुमित्रा काबरा, निवर्तमान अध्यक्ष निर्मला मल्ल, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य वर्षा डागा तथा प्रदेश अध्यक्ष मंजू पेड़ीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में कुल 114 बहनों की उपस्थिति रही, जिन्हें पर्यवेक्षक आशा माहेश्वरी ने शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सुमन कोठारी, ज्योति जाजू, मीना राठी और शोभा भूतड़ा को जिम्मेदारी दी गई। सह मंत्री के रूप में मधुश्री राठी, चंदा सोमानी, मीरा कोठारी और नीतू सोडाणी को नियुक्त किया गया। वहीं, प्रचार–प्रसार मंत्री के रूप में सरला जी बिनानी और गायत्री जी राठी तथा सांस्कृतिक मंत्री के रूप में प्रीति जी बिहानी को चुना गया। यह चयन प्रक्रिया 31 मार्च 2026, मंगलवार को माहेश्वरी विकास परिषद, चेतला में दोपहर 2:10 बजे प्रारंभ हुई और 3:15 बजे संपन्न हुई। कार्यक्रम में संगठन के दसों अंचलों से आई 114 बहनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नव–निर्वाचित पदाधिकारियों और टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने आपसी मित्रता और उत्साह के माहौल में राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया और घूमर भी प्रस्तुत किया। प्रदेश अध्यक्ष मंजू पेड़ीवाल ने नव–निर्वाचित अध्यक्ष कुसुम मूंदड़ा, मंत्री शुभांगी राठी और पूरी टीम का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। नव–निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कुसुम मूंदड़ा ने भी सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने कार्यकाल को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी अंचलों की नई टीम और पदाधिकारियों के साथ सामूहिक फोटो सत्र आयोजित किया गया तथा स्वादिष्ट नाश्ते के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन नव–निर्वाचित प्रदेश मंत्री शुभांगी राठी द्वारा किया गया।

## कोलकाता में 'जगकल्याण' पत्रिका परिवार का स्नेह मिलन महोत्सव 2026 भव्यता के साथ संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'जगकल्याण' पत्रिका परिवार की ओर से आयोजित स्नेह मिलन महोत्सव 2026 श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। वीआईपी रोड, बागुईहाटी स्थित रिदम बीवा बैंक्वेट, मेरिडियन बिल्डिंग में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य अतिथि और समाज के प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत पं. विकास व्यास के सानिध्य में वरिष्ठ श्याम भक्त शशी परसरामका द्वारा ज्योत प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर अलौकिक दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग, भजन अमृतवर्षा, नृत्य नाटिका और भव्य आरती जैसे आध्यात्मिक आयोजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी रामचन्द्र बड़ोपालिया के सहयोग से हावड़ा के मनीष कुमार दासानी विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक विजय सोनी, मनोज अजीत, देवेंद्र बेगानी, अनिल लाटा, रूपाली सरकार, विनोद सिंह, अनुश्री, विशाल राजगढ़िया और आकाश पोद्दार ने भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में अमर कुमार भरतिया, रतनलाल अग्रवाल, सुशील कुमार चौधरी, देवकीनन्दन पोद्दार, प्रकाश चंडालिया, रामचन्द्र बड़ोपालिया, हरीश बड़ोपालिया, कपिल–संगीता अग्रवाल, निर्मल फतेहपुरिया, गोविंद अग्रवाल, मोहनलाल जायसवाल, नारायण टिकड़ेवाल, विष्णु अग्रवाल और दिनेश खेमका सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की सफलता में अध्यक्ष विनोद खेतान, उपाध्यक्ष सुशील कुमार परसरामपुरिया तथा संयोजक मंडल के गणेश शर्मा, पवन नाथानी, हरीश कुमार जैन, अंकित शर्मा, आकाश शर्मा और विनोद कुमार जोशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में भव्य आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। 'जगकल्याण' पत्रिका के संपादक संजय अग्रवाल ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली निविदा**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना बोर्ड मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाइन ई–टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं. 01, ई–निविदा सूचना सं॰ एवं निविदा कार्य के विवरण: DEN-MWS-2026-2- जी.के.पी. एस. – रिप्लेसमेंट ऑफ गैन्ट्री गर्डर्स इन व्हील शॉप, स्मिथि शॉप एंड फिएट बोगी शॉप ऑफ मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर। अनुमानित लागतः रू. – 70,16,460.74, धरोहर राशि : रू. 1,40,300.00, निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 05.05.2026, 11.00 बजे।

इस ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या www.ireps.gov.in पर देखें।

**मंडल इंजीनियर/यां॰कार॰/गोरखपुर**
**मुजाधि/यांत्रिक – 164**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# अधिकारियों के तबादलों के खिलाफ जनहित याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने निर्वाचन आयोग को दी राहत

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादलों के खिलाफ दायर जनहित याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहा कि तबादले मनमाने थे या इससे जनहित को कोई नुकसान हुआ।

मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जनहित याचिका तभी स्वीकार्य होती है, जब यह साबित हो कि संबंधित कार्रवाई से सार्वजनिक हित प्रभावित हुआ है। अदालत ने कहा कि केवल बड़ी संख्या में तबादले होने से यह नहीं माना जा सकता कि कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण या मनमानी है।

याचिका में दावा किया गया था कि मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों से प्रशासनिक कामकाज प्रभावित होगा। हालांकि अदालत ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि तबादला सेवा का सामान्य हिस्सा है और एक अधिकारी के स्थानांतरण के बाद दूसरा अधिकारी पदभार संभाल लेता है, जिससे प्रशासनिक रिक्तता नहीं होती।

पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता अर्का कुमार नाग निर्वाचन आयोग के खिलाफ दुर्भावना या साठगांठ के आरोपों को साबित करने में कोई ठोस सामग्री प्रस्तुत नहीं कर सके। आयोग के वकील डीएस नायडू ने दलील दी कि जिन पर आरोप लगाए गए, उन्हें पक्षकार भी नहीं बनाया गया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिकारी अपने तबादले से प्रभावित है, तो वह उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत इसे चुनौती दे सकता है, लेकिन जनहित याचिका के माध्यम से इस तरह के आदेशों की वैधता की जांच नहीं की जा सकती।

उल्लेखनीय है कि राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को होगी।

# टिकट बंटवारे से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, श्रीरामपुर कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़



**हुगली :** विधानसभा चुनाव के लिए टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। श्रीरामपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में भी टिकट वितरण को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में तोड़फोड़ करते हुए कुर्सियां तोड़ दीं। इस दौरान दो गुटों के बीच झड़प भी हुई, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जमीनी स्तर से जुड़े कर्मठ कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर मनमाने तरीके से उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। लंबे समय से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी से व्यापक असंतोष फैल गया है।

कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व से मांग की है कि जमीनी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्णय की समीक्षा की जाए, ताकि क्षेत्र में पार्टी की साख और जनाधार को बचाया जा सके। मौजूदा परिस्थितियां यह संकेत दे रही हैं कि कांग्रेस के अंदर अंतर्कलह अब खुलकर सामने आ चुकी है, जो चुनाव से पहले पार्टी के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

भाजपा के बाद अब कांग्रेस में भी टिकट बंटवारे को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। चांपदानी विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी चयन को लेकर उपजा विवाद पार्टी संगठन की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। पार्टी द्वारा प्रीतम घोष को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद जमीनी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उम्मीदवार चयन में पारदर्शिता नहीं बरती गई और यह फैसला आंतरिक लॉबीबाजी का परिणाम है। उनका कहना है कि सत्यम सिंह जैसे जमीनी और लोकप्रिय नेता को नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि वे लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, सत्यम सिंह ने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, आम लोगों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाई है। कोविड–19 महामारी के दौरान राहत कार्यों और बाढ़ प्रभावित इलाकों में उनकी सक्रियता को उनके समर्थक उनकी लोकप्रियता का प्रमुख आधार मानते हैं। चांपदानी, जो कभी कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां मौजूदा हालात पार्टी के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि जल्द ही प्रत्याशी चयन पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर चुनावी परिणामों पर पड़ सकता है।

इस बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक अब्दुल मन्नान ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि उम्मीदवारों का चयन बिना उन्हें विश्वास में लिए किया गया। गौरतलब है कि मन्नान चार बार चांपदानी से विधायक रह चुके हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/17, दिनांक: 30.03.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

● **(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 15255147ए;** ईओटी क्रेन 25 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु. 5,55,240/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.04.2026 को** 13.30 **बजे (2) 10252466;** ड्राइवर सीट एवं पेडस्टल असेंबली; रु. 6,78,840/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 20.04.2026 को 13.30 बजे (3) 10252148;** न्यूमेटिक गेज का सेट; रु.3,60,230/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.04.2026 को** 13.30 **बजे (4) 10261196;** कॉन्टैक्ट सेगमेंट असेंबली; रु.3,38,320/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.04.2026 को 13.30 बजे (5) 20251902;** 1/2' ड्रेन कॉक आदि का क्रय; रु.1,35,120/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 04.05.2026 को 13.30 बजे (6) 20265010;** बोगी फ्रेम अरेंजमेंट, रु.1,97,890/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.04.2026 को 13.30 बजे (7) 22265169;** सिलोडोसिन 8 मिग्रा+ ड्यूटास्टेराइड 0.5 मिग्रा; रु.1,33,570/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 23.04.2026 को** 13.30 **बजे (8) 20263039;** गियर बॉक्स हाउसिंग आरएएल 9005 का सेट; रु.1,19,920/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 11.05.2026 को** 13.30 **बजे (9) 20251829;** भेल ट्रैक्शन मोटर के लिए मॉडिफाइड फैन चैंबर (3.15 मिमी मोटी प्लेट); रु.1,30,830/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 05.05.2026 को** 13.30 **बजे (10) 15265042;** डीजल हाइड्रॉलिक रेल क्रेन 5 टन क्षमता की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ जो बीएफआर/बीसीएम ब्रॉड गेज वैगन पर माउंट किया जाएगा; रु. 2,67,650/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.04.2026 को** 13.30 **बजे (11) 10261792;** ट्रैक्शन मोटर कूलिंग ब्लोअर केसिंग; रु.1,32,900/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 17.04.2026 को** 13.30 **बजे (12) 08251614;** सील्ड लीड एसिड आदि का क्रय; रु.1,06,160/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.04.2026 को** 13.30 **बजे (13) 08251670सी;** एलएचबी वैरिएंट ईओजी कोचों के लिए उपयुक्त हाई वोल्टेज एचआरसी फ्यूज (फ्यूज होल्डर के बिना); रु.2,77,180/- **(14) 16261012;** आरडीएसओ स्पेसि. नं. टीआई/एसपीसी/पीएसआई/वीसीबीआईएन/0121 के अनुसार 25 केवी सिंगल पोल वैक्यूम इंटरप्टर; रु.1,36,160/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.04.2026 को** 13.30 **बजे** (क्रम सं. 13 और 14 के लिए) **(15) 10265006;** सिंगल इंटरप्टर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर आदि; रु.2,09,360/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.04.2026 को 13.30 बजे (16) 10261049;** की बॉक्स (एचओएम) आदि के साथ अर्थिंग स्विच; रु. 2,72,840/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 29.04.2026 को 13.30 बजे (17) 10252515;** ई–70 ब्रेक के आईओएच शेड्यूल के लिए किट; रु.7,90,240/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 30.04.2026 को 13.30 बजे (18) 10262586;** पैंटोग्राफ असेंबली; रु.4,25,930/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 22.04.2026 को 13.30 बजे (19) 04255010ए;** स्पेसिफिकेशन ए एवं बी और अनेक्सर बी के रूप में संलग्न स्पेसिफिकेशन नं.–सीओएफएमओडब्ल्यू/आईआर/सीएसआईएम/2020 दिनांक 12.05.2020 के अनुसार वारंटी उपरांत 5 वर्ष के सीएएमसी के साथ 140 टन रेल क्रेन ऑपरेटर्स फुल कैब ट्रेनिंग सिमुलेटर की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 28.04.2026 को 13.30 बजे (20) 15265014;** टेस्टिंग/रिपेयर/सेंसर एवं एक्चुएटर्स के लिए इलेक्ट्रॉनिक लैब की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.1,91,600/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 30.04.2026 को 13.30 बजे (21) 15265017;** नॉन–कॉन्टैक्ट लेजर स्कैनिंग व्हील प्रोफाइल मेजरमेंट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.2,06,500/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 20.04.2026 को 13.30 बजे (22) 15255149ए;** एलएचबी व्हील के परीक्षण के लिए एड्डी करेंट ऐरे (ईसीए) टेस्टिंग इक्विपमेंट की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.1,99,420/-, , **निविदा खुलने की तिथि और समय : 04.05.2026 को** 13.30 **बजे (23) 05251031;** एंटीवेयर हाइड्रॉलिक ऑयल आदि; रु.1,47,630/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.04.2026 को 13.30 बजे (24) 1226एफ-एस_स्विच_4866;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–4866 के तहत पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए 6400 मिमी (ओआर) के एफ/एस स्विच 52 केजी के क्रय हेतु चालू ठेका; रु. 8,59,750/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 17.04.2026 को** 13.30 **बजे (25) 22251625बी;** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 मिग्रा. (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम251024 एआई 25–26; रु.0/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 13.04.2026 को 13.30 बजे (26) एचवीएन_टी-8992_2026;** ड्रॉइंग नं. आरटी–8992 के समरूप एचवीएन लाइनरों के क्रय हेतु चालू ठेका; रु. 6,54,900/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 14.04.2026 को** 13.30 **बजे (27) 1226-टीडब्ल्यूएस-9775;** पीएससी स्लीपरों पर 60 केजी (यूआईसी)/60ई1ए1 रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) हेतु थिक–वेब टंग रेल्स एवं एंटी क्रीप डिवाइस के साथ 6400 मिमी कर्व्ड थिक वेब स्विच, जो पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के 1 इन 8.5, बीजी 60 केजी टर्नआउट के लिए सभी फिटिंग्स के साथ संपूर्ण है अर्थात स्विच पोर्शन के लिए सभी फिटिंग्स सब असेंबली नं. टी–9775 ऑल्ट–03 के अनुसार है; रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 30.04.2026 को 13.30 बजे (28) 12261030;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–5919 के तहत इलास्टिक रेल क्लिप एमके–V के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु.50,00,000/- **(29) 12261039;** आरडीएसओ ड्रॉ.नं. टी3741 एवं टी–3742 के समरूप 60 केजी पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी यूआईसी रेल्स के लिए कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर; रु.5,50,720/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 10.04.2026 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 28 और 29 के लिए) **(30) 14261159;** स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएस–टीसी–30/2005, वर्शन 1 के समरूप संशोधन 5 के साथ सिग्नलिंग और टेलीकॉम इंस्टॉलेशन के लिए अंडरग्राउंड रेलवे जेली–फिल्ड टेलीकॉम 6 क्वाड केबल, 0.9 मिमी व्यास; रु.50,00,000/, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.04.2026 को 13.30 बजे (31) 1226-एनसीआरजीआरएसपी-8779;** आरडीएसओ के स्टैंडर्ड लेआउट ड्रॉइंग नं. टी–8779, ऑल्ट.03 के अनुसार पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के लिए, 60 केजी 1 में 12 पूर्ण टर्नआउट हेतु, 6 मिमी मोटे नायलॉन कॉर्ड रीइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेटों का निर्माण और आपूर्ति; रु.0/-., **निविदा खुलने की तिथि और समय : 17.04.2026 को 13.30 बजे (32) 12261019;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी–4220, ऑल्ट.9) के समरूप रेल्स 60 केजी यूआईसी/60ई1 के लिए उपयुक्त बीजी के लिए 1 इन 12 सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.16,07,160/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.04.2026 को** 13.30 **बजे (33) 1226-टीडब्ल्यूएस-8780;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–8780 के अनुसार 10125 मिमी कर्व्ड स्विचों का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 17.04.2026 को 13.30 बजे (34) 14261109;** स्पेसि. नं. आईआरएस: एस–63/2014 (रिव.4.0) के अनुसार साइज: 12 कोर X1.5 वर्ग मिमी के हाई कंडक्टिविटी कॉपर कंडक्टर के साथ पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अंडरग्राउंड, अनस्क्रीन्ड रेलवे सिग्नलिंग केबल (हेवी ड्यूटी); रु.50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.04.2026 को 13.30 बजे (35) 22265178;** इंज पेम्ब्रोलिजुमैब 100 मिग्रा. (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम261946, एआई 26–27; रु.0/- **निविदा खुलने की तिथि और समय : 03.04.2026 को** 13.30 **बजे। निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 35 प्रत्येक हेतु)।

● **(ख) क्रम सं. : (1), निविदा सं. : 52257677ए; संक्षिप्त विवरण :** अपहोल्सटरी की आपूर्ति एवं फिटमेंट; **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.1,94,70,000.00, **निविदा की अंतिम तिथि : 20.04.2026 को** 13.30 **बजे।**

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-78/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

### राजस्थान के सीकर जिले में मिट्टी के नीचे दबने से तीन बच्चों की मौत: पुलिस

**जयपुर:** राजस्थान के सीकर जिले में तीन बच्चों की मिट्टी के नीचे दब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब बच्चे सुरंग बनाकर खेल रहे थे और अचानक ऊपर की मिट्टी धंस गई। नेछवा के थानाधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि गनेड़ी गांव में सोमवार दोपहर जब चार बच्चे खेत में मिट्टी के टीले के नीचे सुरंग बनाकर खेल रहे थे, उसी समय अचानक ऊपर का हिस्सा धंस गया एवं उसके नीचे तीन बच्चे दब गए। चंद के अनुसार कृष्ण नामक एक बच्चा सुरंग के बाहर था तथा उसके चिल्लाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फंसे बच्चों को निकाला। थानाधिकारी के मुताबिक लेकिन तब तक तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान होलश मेघवाल (10), गौतम सैनी (14) और दीपेश नायक (12) के रूप में हुई है।

### पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

**कोटा (राजस्थान:** राजस्थान के कोटा की अदालत ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के मामले में 44 वर्षीय एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। लोक अभियोजक राजेंद्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोलंकी ने मंगलवार को बताया कि नैनवां उपखंड स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सोमवार को सुनाए आदेश में दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोषी की पहचान विमल कुमार मीणा के रूप में हुई है, जिसे 14 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता के पिता ने 8 अप्रैल 2022 को नैनवां थाने में मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसने पैई गांव में उनकी 38 वर्षीय बेटी मौसम बाई की उस समय हत्या कर दी, जब वह सो रही थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मुकदमे के दौरान 26 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और 42 दस्तावेज अदालत में पेश किए गए।

### बिहार के नालंदा जिले में एक महिला से छेड़छाड़ के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**पटना:** बिहार के नालंदा जिले में एक महिला के साथ सरेआम छेड़छाड़ करने और उसे सड़क पर घसीटने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार कुछ दिन पहले नूरसराय इलाके में यह घटना हुई जिसका एक कथित वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। महिला ने 26 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से दो-अशोक यादव और मटलू महतो अजयपुर गांव के निवासी हैं तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि वीडियो में दिखाई दे रहे अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले में हुई इस शर्मनाक घटना की निंदा की। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष ने आरोप लगाया, यह सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास था। महिला के साथ दुर्व्यवहार करने वालों ने उसके कपड़े तक फाड़ दिए। यह घटना बिहार में ध्वस्त कानून-व्यवस्था की भयावह तस्वीर पेश करती है।

### राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी किए

**जयपुर:** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) ने 12 वीं कक्षा के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय (स्ट्रीम) के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए। राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ये परीक्षा परिणाम जारी किए और अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विज्ञान संकाय में पांच छात्र 99.80 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। कला संकाय में तीन छात्रों ने 99.60 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में एक छात्रा 99.20 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रही है। इसके अनुसार, 2026 के शैक्षणिक सत्र के लिए कला संकाय में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 97.54 प्रतिशत, वाणिज्य में 93.64 प्रतिशत और विज्ञान में 97.52 प्रतिशत रहा। अधिकारियों ने बताया कि कला व विज्ञान संकाय में छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया जबकि वाणिज्य में छात्रों का सफलता प्रतिशत अधिक रहा। बोर्ड ने बताया कि 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 11 मार्च को समाप्त हुईं जिसमें 9.10 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण करवाया था।

# नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार गौरव पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक: मुर्मु



**राजगीर:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं और कहा कि इस संस्थान से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को मानवता की 'साझा विरासत' प्राप्त होती है। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'यहां से स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों को दो चीजें मिलती हैं-डिग्री और विरासत। डिग्री जहां उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, वहीं उन्हें मानवता की साझा विरासत भी मिलती है।' उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों में आधे से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी हैं, जो 30 से अधिक देशों से आए हैं। राष्ट्रपति ने समारोह से पहले पौधारोपण अभियान में भी हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय की 'नेट-जीरो' लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। 'नेट जीरो' उत्सर्जन का मतलब है कि जो जितना कार्बन उत्सर्जन करता है, उतना ही कार्बन खत्म करने की व्यवस्था भी करे। 'नेट जीरो' का मतलब यह नहीं है कि कार्बन का उत्सर्जन शून्य हो जाएगा। मुर्मू ने कहा, 'यह परिसर 'नेट-जीरो' कैंपस बनने की दिशा में स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उच्च शिक्षण संस्थानों को उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना चाहिए।' राष्ट्रपति ने अपने दौरे की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में बने 'विश्व मित्रालय' भवन के उद्घाटन से की। यह अत्याधुनिक भवन लगभग दो हजार लोगों की क्षमता वाला है और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय की 'विजिटर' भी हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके गौरवशाली विरासत को आधुनिक स्वरूप में पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यहां विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय करीब आठ सदियों तक ज्ञान का महान केंद्र रहा और उसका पतन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी क्षति था। उन्होंने कहा, इसका पुनरुद्धार विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत को आधुनिक परिवेश में फिर से स्थापित करने की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे समय में जब दुनिया कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है और करुणामय, स्वतंत्र तथा आलोचनात्मक सोच की आवश्यकता पहले से अधिक है, तब नालंदा विश्वविद्यालय एक अग्रणी वैश्विक शैक्षणिक संस्थान के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति का लाभ उस समाज तक भी पहुंचना चाहिए जहां यह स्थापित है।

### वैश्विक व्यवस्था के लोकतंत्रीकरण में नालंदा परंपरा प्रभावी भूमिका निभा सकती हैः जयशंकर

**राजगीर:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, जहां अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अधिक लोकतांत्रिक होती नजर आ रही है तथा विभिन्न संस्कृतियों और समाजों की बढ़ती मुखरता के कारण दुनिया अब एक नए एवं अधिक बहुध्रुवीय स्वरूप की ओर अग्रसर है। जयशंकर बिहार के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा, दुनिया तेजी से बहुध्रुवीय होती जा रही है, क्योंकि अब कई अन्य समाज एवं संस्कृतियां अपनी आवाज प्रभावी ढंग से उठा रही हैं। ऐसे समय में नालंदा की परंपरा वैश्विक व्यवस्था के लोकतंत्रीकरण को नई दिशा देने में एक सशक्त प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शिक्षा का ऐसा केंद्र था, जहां दूर-दूर से विद्यार्थी और विद्वान आते थे। उन्होंने कहा, नालंदा शब्द ही भारत की बौद्धिक विरासत और सांस्कृतिक वैभव की स्मृतियां जगाता है। इस संस्थान में उस परंपरा का पुनर्जीवन केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया के उदय का संकेत है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि विश्व में विकास और प्रगति की दिशा को लेकर गंभीर बहस चल रही है। उन्होंने कहा, इन दिनों अधिकांश विमर्श स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द केंद्रित हो गया है, लेकिन नालंदा की मूल भावना हमें यह स्मरण कराती है कि हर पहलू का एक मानवीय पक्ष भी होता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को मृत्यु दंड की सजा

**प्रयागराज:** यहां की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अदालत) विनोद कुमार चौरसिया ने अभियुक्त मुकेश पटेल को नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने और उसकी हत्या का दोषी करार देते हुए सोमवार को मृत्यु दंड की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक विनय कुमार त्रिपाठी ने पैरवी की। पांडेय ने बताया कि इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, तीन अक्टूबर, 2024 को शाम करीब छह बजे आठ वर्षीय नाबालिग लड़की एक मेडिकल स्टोर गई थी और घर लौटते समय लापता हो गई। अगले दिन पास के एक खेत में उसका शव पड़ा मिला। प्रयागराज के थाना सोरांव में चार अक्टूबर को लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच प्रक्रिया के दौरान विशेष साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी मुकेश पटेल की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में कथित तौर पर यह साबित हुआ कि आरोपी मुकेश पटेल ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी नृशंस हत्या की। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया जिसे अदालत ने संज्ञान में लिया। पांडेय ने बताया कि साक्ष्यों के अवलोकन और गवाहों के बयान पर गौर करने के बाद अदालत ने पॉक्सो अधिनियम की धारा छह के तहत अभियुक्त मुकेश पटेल को दोषी करार देते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई।

## न्यूज अपडेट

### 2047 तक 'विकसित उत्तर प्रदेश' के लिए ठोस कार्ययोजना को जमीन पर उतारें : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश' की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह दस्तावेज केवल एक विजन नहीं बल्कि प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक रूपांतरण की स्पष्ट रूपरेखा है।राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इसे व्यापक और सहभागितापूर्ण बनाते हुए प्रदेशभर से प्राप्त 98 लाख से अधिक जन-सुझावों, विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों व अन्य हितधारकों के विचारों का विश्लेषण करते हुए समाहित किया जाए तथा उसी आधार पर अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना जल्द जारी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन दस्तावेज व्यवहारिक, परिणामोन्मुख और समयबद्ध होना चाहिए, जो प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने का ठोस आधार प्रस्तुत करे। योगी ने कहा कि सभी विभाग त्रैमासिक एवं वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप विभागवार और अंतर-क्षेत्रीय कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें जिम्मेदारियों, अपेक्षित परिणामों व समन्वय की व्यवस्था स्पष्ट रूप से निर्धारित हो। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य स्तर पर तैयार विजन को जिला, शहर और पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित उत्तर प्रदेश' एक समग्र परिवर्तन का अभियान है, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय, समावेशिता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार को समान महत्व दिया गया है।

### आध्यात्मिक विरासत के साथ विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश: मोहन यादव




**वाराणसी :** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को यहां कहा कि मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश साझा संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के साथ विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यादव ने मंगलवार को यहां आयोजित 'एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026' के दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि यह सम्मेलन भविष्य की आर्थिक, औद्योगिक और पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को मजबूत आधार देगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के बीच भौगोलिक रिश्ते होने के साथ-साथ सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक संबंध रहे हैं तथा दोनों राज्य साझा विरासत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यादव ने कहा कि इस क्रम में आज आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को आधार प्रदान करेगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री यादव ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान दोनों राज्यों के उद्योगपति, कुटीर, लघु एवं मंझोले उद्योगों के प्रतिनिधि कारीगर और अधिकारी मौजूद थे। यादव ने बताया कि सम्मेलन में सबसे अहम समझौता काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के बीच हुआ है। उन्होंने बताया कि इस सहमति का उद्देश्य मंदिर प्रबंधन, दर्शन व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाना है।

### रसोई गैस की कमी से बरेली के लोग मिट्टी के तेल वाले चूल्हे और लालटेन ढूंढने को हुए मजबूर



**बरेली (उप्र):** पिछले कुछ हफ्तों से रसोई गैस सिलेंडरों की कमी ने बरेली के लोगों को मिट्टी के तेल से जलाये जाने वाले चूल्हे और लालटेन ढूंढने पर मजबूर कर दिया है। इनमें से कई चीजें ईंधन के इस्तेमाल के तरीकों में आए बदलावों के कारण घरों से काफी पहले ही गायब हो चुकी थीं। सरकार ने इस संकट के बीच राशन की दुकानों को खाना पकाने और रोशनी के लिए मिट्टी का तेल (केरोसिन) देने का निर्देश दिया है। इसकी वजह से लोग अपने घरों, पड़ोसियों के घरों और स्थानीय बाजारों में उन चूल्हों और लालटेनों को ढूंढने लगे हैं जो कभी आमतौर पर मिला करते थे लेकिन अब मिलना मुश्किल हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' जैसी योजनाओं के तहत रसोई गैस की बेहतर उपलब्धता और बिजली की बेहतर आपूर्ति के कारण मिट्टी के तेल पर निर्भरता काफी कम हो गई थी, इसी वजह से मिट्टी के तेल वाले चूल्हे और लालटेन इस्तेमाल से बाहर हो गए थे। अपर जिलाधिकारी (वित्त और राजस्व) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये मिट्टी के तेल का वितरण अचानक बंद नहीं किया गया था बल्कि 2015 एवं 2018 के बीच इसे चरणबद्ध तरीके से कम किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया था क्योंकि पूरे उत्तर प्रदेश में रसोई गैस कनेक्शन और बिजली की सुविधा का विस्तार हो रहा था।

# धुएं के अलर्ट के बाद लखनऊ में आपात स्थिति में उतरी बागडोगरा-दिल्ली उड़ान




**लखनऊ:** पश्चिम बंगाल के बागडोगरा (सिलीगुड़ी) से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को कॉकपिट के इलेक्ट्रिक पैनल से धुआं निकलने के कारण सोमवार शाम को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात् स्थिति में उतारना पड़ा। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक विमान को कॉकपिट के इलेक्ट्रिक पैनल (एवियोनिक्स बे) में धुआं देखे जाने के बाद आपात स्थिति में लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि पायलट ने संकट का संकेत करते हुए 'मे डे' कॉल जारी किया था । इसे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संकट संकेत माना जाता है और जिसका इस्तेमाल आपात स्थितियों में किया जाता है। सूत्रों के अनुसार विमान यातायात नियंत्रण कक्ष (एटीसी) को विमान को लखनऊ की तरफ मोड़ने के बारे में अलर्ट किया गया और विमान शाम लगभग पांच बजकर 18 मिनट पर सुरक्षित रूप से उतर गया। उन्होंने बताया कि विमान में चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 148 लोग सवार थे। सूत्रों ने बताया कि विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि एयरलाइन ने ज्यादातर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे विमानों में जगह दी। सूत्रों ने बताया कि कुछ यात्रियों को उनके टिकट की पूरी रकम वापस की गयी, जबकि कई अन्य को होटल में रहने की सुविधा दी गई और बाद की उड़ानों में उनकी बुकिंग दोबारा की गई।

### मातृभूमि के मूल्यों को संजोने के साथ वैश्विक प्रगति में योगदान दे रहे हैं पूर्वांचल के लोग : बिरला



**नयी दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि पूर्वांचल के लोग अपनी मातृभूमि के मूल्यों को संजोए रखने के साथ वैश्विक प्रगति में योगदान दे रहे हैं। बिरला ने यहां पूर्वांचल महोत्सव 'माटी 9' में एक विशिष्ट सभा को संबोधित किया। यह महोत्सव पूर्वांचल क्षेत्र की कला, खान-पान, पर्यटन और विरासत को समर्पित है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में पूर्वांचल के योगदान की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वांचल की माटी केवल मिट्टी नहीं है, यह लचीलेपन, परंपरा और जीवंत सामुदायिक भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारी मिट्टी की खुशबू ही हमारी पहचान को परिभाषित करती है। उन्होंने पूर्वांचल के प्रवासियों की भी प्रशंसा की और कहा कि विदेशों में रहने वाले यहां के लोग अपनी मातृभूमि के मूल्यों को बनाए रखे हुए हैं और वैश्विक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### दूसरे धर्म की महिला से शादी करने वाले व्यक्ति की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (उप्र):** गाजियाबाद जिले में दूसरे धर्म की महिला से शादी करने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर उसके ससुराल वालों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सवा सात बजे पुलिस को भनेड़ा गांव में एक पुलिया के पास एक बेहोश व्यक्ति पड़ा होने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल ले जाने के बाद दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान लोनी के गीतांजलि विहार निवासी नितिन कुमार जयंत के रूप में हुई। सिंह ने बताया कि नितिन ने करीब एक साल पहले बागपत जिले के मेहरुद्दीन की बेटी मुस्कान से आपसी सहमति से शादी की थी। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि पिछले कुछ दिनों से दम्पति के बीच घरेलू कलह चल रही थी जिसके बाद मुस्कान अपने मायके लौट गई थी। सिंह ने बताया कि सोमवार को नितिन के ससुराल के लोग उसके घर आये और विवाद सुलझाने के बहाने उसे अपने साथ ले गये। उन्होंने बताया कि गांव जाते समय कथित तौर पर उनके बीच बहस छिड़ गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर नितिन को बुरी तरह पीटा और उसका गला दबाकर उसे बेहोशी की हालत में पुलिया के पास छोड़कर भाग गये। सूत्रों के अनुसार सुलह कराने के लिये नितिन के साथ गये उसके छोटे भाई अमित कुमार की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अवैध रूप से गुर्दा प्रतिरोपण कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**■ सरगना समेत छह लोग गिरफ्तार**

**कानपुर (उप्र):** कानपुर पुलिस ने मंगलवार को कई निजी अस्पतालों के जरिए कथित तौर पर अवैध गुर्दा प्रतिरोपण कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके सरगना तथा पांच चिकित्सकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि ये गिरफ्तारियां सोमवार देर रात कल्याणपुर इलाके में निजी चिकित्सालयों---मेड-लाइफ अस्पताल, आहूजा अस्पताल और प्रिया अस्पताल में एक साथ की गई छापेमारी के बाद हुईं। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर की गई थी जिसका नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिदत्त नेमी कर रहे थे। लाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में डॉक्टर प्रीति आहूजा (50), उसके पति डॉक्टर




सुरजीत सिंह आहूजा (54) तथा अर्धचिकित्साकर्मियों-- राजेश कुमार (44), राम प्रकाश (40) और नरेंद्र सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों पर अवैध अंग प्रतिरोपण में मदद करने का आरोप है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस रैकेट के कथित मास्टरमाइंड शिवम अग्रवाल (32) को भी गिरफ्तार किया गया है जिसने कथित तौर पर खुद को डॉक्टर बताया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच से पता चला है कि बिहार के एमबीए छात्र आयुष से 10 लाख रुपये में एक गुर्दा लेकर उसे मेरठ की मरीज पारुल तोमर को 60 लाख रुपये में बेच दिया गया था। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर सर्जरी के बाद पारुल और आयुष की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आयुष मेड-लाइफ अस्पताल में भर्ती था, जबकि गुर्दा लेने वाली मरीज़ को किसी दूसरे अस्पताल में रखा गया था। उन्होंने बताया कि छह आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं-- 143 (तस्करी) और 3(5) (किसी एक ही मकसद को पूरा करने के लिए सामूहिक रूप से कोई आपराधिक काम करना) तथा 'मानव अंग और ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम' की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कुशीनगर से विश्व शांति का संदेश : हुई अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 की शुरुआत



**लखनऊ/कुशीनगर (उप्र):** कुशीनगर के महापरिनिर्वाण स्थल से विश्व शांति का संदेश देने वाला तीन दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026' मंगलवार को शुरू हुआ जिसमें देश-विदेश से बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निर्माता और युवा हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में भगवान बुद्ध की करुणा एवं शांति के संदेशों की वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में जब दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष और अनिश्चितता का माहौल है, तब भगवान बुद्ध के जीवन संदेश सकारात्मक मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैश्विक स्तर पर शांति, सहअस्तित्व और आपसी समझ को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है। राज्य सरकार के बयान के मुताबिक कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन मंत्रोच्चार के साथ आरंभ हुआ। इसके बाद 'बुद्धा लाइफ गैलरी' का उद्घाटन किया गया। बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। सम्मेलन में 'बुद्धाज कुशीनगर' विषय पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। बयान के अनुसार औपचारिक उद्घाटन समारोह के बाद शांति उपवन में 'धम्म, संवाद और विकास' विषय पर छात्र चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन 'बौद्ध धर्म : धम्म, संवाद और विकास' विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें दक्षिण कोरिया, लाओस, जापान और भारत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

# यूपी: पेट्रोल-डीजल और एलपीजी पर सरकार की सख्त निगरानी, अब तक 17 हजार से ज्यादा छापे

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी तथा अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए 12 मार्च से अब तक 17,581 छापे मारे गए और निरीक्षण किए गए हैं। सरकार ने सोमवार देर रात एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि इस अवधि के दौरान, एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जबकि अन्य मामलों में 189 प्राथमिकियां दर्ज की गईं और 17 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया गया। साथ ही, 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई शुरू की गई है। बयान में बताया गया कि मुख्य सचिव स्तर से जारी निर्देशों के बाद सभी जिलों में प्रशासन सक्रिय है और लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति फिलहाल पूरी तरह सामान्य है।



राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री हुई है वहीं वर्तमान में प्रदेश में करीब 91 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.15 लाख किलोलीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि घबराहट में ईंधन का भंडारण न करें। बयान में कहा गया है कि एलपीजी की स्थिति भी संतोषजनक है। प्रदेश के 4,107 गैस वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसी के साथ सरकार ने 'सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन' (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लंबित अनुमतियों को जल्द निपटाने और अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसबीच, केंद्र सरकार ने 23 मार्च से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की भी अनुमति दे दी।

### राजस्थान के सीमावर्ती इलाके में तीन नई रेल लाइनों के लिए काम जारी

**जयपुर:** रेल मंत्रालय ने राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में तीन महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर काम शुरू किया। अधिकारियों का कहना है कि इन परियोजनाओं के मूर्त रूप लेने से इस रेगिस्तानी राज्य के सीमावर्ती इलाकों में न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि यहां आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रेल नेटवर्क को और सुदृढ़ करने के लिए राजस्थान में बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर क्षेत्रों में नयी रेल लाइनें बिछाने के प्रस्तावों पर काम चल रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार प्रस्तावित तीन रेल लाइनों में अनूपगढ़-खाजूवाला, जैसलमेर-बाड़मेर-भीलड़ी तथा खाजूवाला-जैसलमेर रेल लाइन शामिल है।

# असम चुनाव: भाजपा के घोषणापत्र में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश

## 'लव जिहाद' पर कानून लाने का वादा



**गुवाहाटी :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा करने तथा बुनियादी ढांचा के लिए पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया गया है। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में 31 वादे किये गए हैं, जिनमें ''बांग्लादेशी मियां'' द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन की वापस लेना, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना शामिल है। घोषणापत्र में असम के मूल निवासियों की जमीन, विरासत और गरिमा की हिफाजत का वादा किया गया है, जिसके लिए आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 को लागू कर अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। भाजपा ने यह वादा भी किया कि वह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर संविधान की छठी अनुसूची और जनजातीय क्षेत्रों को छोड़कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के लिए कानून को मजबूत करेगी, ताकि जातीय समुदायों के अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। 'मिशन वसुंधरा' योजना के तहत पार्टी ने ''अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकर असम के सभी वास्तविक नागरिकों को भूमि अधिकार देने'' का वादा किया है। घोषणापत्र में यह आश्वासन भी दिया गया है कि अगर भाजपा असम में फिर से सरकार बनाती है, तो सत्रों, नामघरों, देवालयों और अन्य पूजा स्थलों की अतिक्रमित जमीन मुक्त कराई जाएगी। घोषणापत्र के अनुसार, पार्टी 'लव जिहाद' की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रभावी कानून बनाएगी और 'लैंड जिहाद' से निपटने के लिए कड़े कदम उठाएगी। पार्टी ने वादा किया कि असम को भारत का ''पूर्वी प्रवेश द्वार'' बनाने के लिए असम गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, ताकि परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके। साथ ही, राज्य को बाढ़ मुक्त बनाने के लिए 18,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ 'बाढ़ मुक्त असम मिशन' शुरू किया जाएगा। भाजपा ने दो लाख सरकारी नौकरियों देने और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उद्यमिता के अधिक अवसर पैदा करने का भी वादा किया है। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि यह घोषणापत्र ''राज्य के एक दशक के परिवर्तन पर आधारित है, जिसे कांग्रेस 60 वर्षों में हासिल नहीं कर पाई।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूर्वोत्तर के दीर्घकालिक विकास पर कोई ध्यान नहीं था।

# चार दशक बाद छत्तीसगढ़ में माओवादी विद्रोह का अंत, बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद से मुक्त घोषित

**रायपुर :** चार दशक से अधिक समय बाद छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में माओवादी सशस्त्र आंदोलन का अंत हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा तय समयसीमा के तहत मंगलवार को इस क्षेत्र को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त घोषित कर दिया गया। दरअसल, 1980 के दशक में माओवादी पड़ोसी आंध्र प्रदेश में पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते दंडकारण्य के जंगलों, विशेषकर बस्तर में पहुंचे थे, जहां उन्होंने इसे अपने ठिकाने के रूप में विकसित करने की कोशिश की। एक छोटे वैचारिक आंदोलन के रूप में शुरू हुआ यह अभियान धीरे-धीरे सशस्त्र विद्रोह में तब्दील हो गया, लेकिन पिछले एक दशक में इसके प्रभाव में लगातार गिरावट आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, बस्तर में नक्सलवाद का इतिहास तीन चरणों में बांटा जा सकता है–1980 के दशक में प्रवेश और विस्तार, 2004 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के गठन के बाद 2014 तक उग्र चरम, और इसके बाद लगातार गिरावट का दौर। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पट्टलिगम ने बताया कि शुरुआती दौर में माओवादियों ने भौगोलिक दुर्गमता, कमजोर प्रशासनिक पहुंच और सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का फायदा उठाकर जंगलों में अपना नेटवर्क स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्रित सुरक्षा अभियानों, मजबूत खुफिया तंत्र, सुरक्षा शिविरों के विस्तार, बेहतर कनेक्टिविटी और आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से माओवादी तंत्र को काफी कमजोर किया गया है। सुरक्षा विश्लेषक डॉ. गिरीशकांत पांडेय के अनुसार, बस्तर में नक्सल आंदोलन की शुरुआत 1980 में हुई थी, जब कोंडापल्ली सीतारामैया ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) पीपुल्स वॉर ग्रुप की स्थापना की। हालांकि, नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी विद्रोह से हुई थी, लेकिन 1980 के दशक में यह बस्तर में तेजी से फैला। शुरुआती वर्षों में छात्र संगठनों के माध्यम से युवाओं की भर्ती कर उन्हें जंगलों में भेजा गया। 1981 में सुकमा जिले के गोलापल्ली में पहला हमला दर्ज किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी की हत्या की गई। इसके बाद 1990 के दशक में संगठन का विस्तार कई राज्यों में हुआ और 1993 में मुप्पला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति ने नेतृत्व संभाला। वर्ष 2004 में भाकपा (माओवादी) के गठन के साथ आंदोलन और मजबूत हुआ। इसके बाद 2004 से 2014 के बीच आंदोलन अपने चरम पर रहा, जिसमें सुरक्षा बलों और बुनियादी ढांचे पर कई बड़े हमले हुए। इस दौरान सलवा जुडूम जैसे स्थानीय विरोधी अभियान भी सामने आए, हालांकि इससे हिंसा और विस्थापन की समस्याएं भी बढ़ीं।



### बस्तर में 35 नक्सलियों ने समर्पण किया

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में मंगलवार को 35 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यह आत्मसमर्पण केंद्र सरकार की वामपंथ उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने की 31 मार्च की समय सीमा से ठीक कुछ घंटे पहले हुआ। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिगम ने बताया कि इनमें से 25 कैडर माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) से जुड़े थे और उनमें 12 महिलाएं हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इन नक्सलियों ने बीजापुर जिले में पुलिस की 'पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि इन 25 नक्सलियों पर कुल 1.47 करोड़ रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है जिसके तहत बीजापुर में माओवादियों के ठिकानों से 93 हथियार, 2.90 करोड़ रुपये नकद और 7.20 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 11.16 करोड़ रुपये है।

# असम चुनाव घुसपैठियों को बाहर निकालने और उग्रवाद के काले बादल हटाने के बारे में है: ईरानी



**धेमाजी (असम) :** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने असम में हमेशा अवैध प्रवासियों को बचाने और राज्य को उग्रवाद के काले साये के तहत लाने का काम किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार राज्य में विधानसभा चुनाव ''देश से प्रत्येक घुसपैठिए को बाहर निकालने'' के बारे में है। धेमाजी ज़िले के सिसिबोरगांव और जोनाई में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य की हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित की है, जिसमें विकास की इस गाथा में महिलाएँ सबसे आगे हैं। ईरानी ने कहा, ''यह चुनाव किसी को विधायक बनाने या हिमंत विश्व शर्मा को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के बारे में नहीं है।'' पंद्रह अगस्त, 2004 के धेमाजी धमाके का ज़िक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा, ''ये बेकसूर लोग थे, जिन्हें मार डाला गया। उनकी क्या गलती थी? राज्य पर ऐसा काला साया छा गया कि निर्दोषों को अपनी जान गंवानी पड़ी।'' इस धमाके में स्कूली बच्चों सहित 13 लोगों की जान गयी थी।

# सूरत में मकान में लगी आग; चार महिलाओं और एक बच्चे सहित पांच की मौत



**सूरत :** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार सुबह एक तीन मंजिला मकान में आग लगने से चार महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब 10 बजे लिंबायत पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मीठी खाड़ी इलाके में घटी। हादसे के समय इमारत में मौजूद परिवार फोम शीट का उपयोग करके साड़ियों की पैकिंग कर रहा था। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कानन देसाई ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल दल और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। देसाई ने बताया कि आग एक तीन मंजिला मकान में लगी, जिसका इस्तेमाल मकान मालिक द्वारा साड़ियों की पैकिंग के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा, ''चूंकि आज छुट्टी का दिन है, इसलिए वे सामान पैक करने के लिए बड़ी मात्रा में सामग्री लाए थे। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकलकर्मी और 108 आ-पातकालीन सेवा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे।'' अधिकारी ने बताया कि जब आपातकालीन सेवा कर्मी परिसर में दाखिल हुए तो पूरा कमरा घने धुएं से भरा हुआ था, जिससे शुरू में पीड़ितों तक पहुंचना मुश्किल हो गया था। देसाई ने बताया, ''धुआं थोड़ा छंटने पर देखा गया कि सामने का कमरा और आसपास का इलाका साड़ियों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली फोम की शीट से भरा हुआ है। स्विचबोर्ड के पास भी फोम रखा हुआ था।''

## कुवैत से 20 पार्थिव शरीर केरल लाए जाएंगे

**कोच्चि :** कुवैत में अलग-अलग घटनाओं में मारे गए 20 लोगों के पार्थिव शरीर सेवा व्यवधानों के कारण हुई देरी के बाद मंगलवार को एक ही उड़ान से यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाए जाएंगे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि शवों को कुवैत एयरवेज की एक विशेष उड़ान से कुवैत से कोलंबो होते हुए कोच्चि लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस उड़ान में कोई यात्री सवार नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि शवों को लाए जाने के तुरंत बाद उनके संबंधित गृहनगरों में भेजने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतक केरल के विभिन्न हिस्सों से हैं जिनमें कोझिकोड, अलाप्पुझा और कोट्टायम शामिल हैं, जबकि कुछ पार्थिव शरीरों को तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर ले जाया जाएगा।

## भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद: न्यायालय में निरीक्षण के खिलाफ अर्जी पर आज सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय बुधवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुनवाई करेगा,जिसमें कहा गया है कि एएसआई संरक्षित संरचना से संबंधित 'कई विवादों' के मद्देनजर वह दो अप्रैल से पहले धार में भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगा। उच्चतम न्यायालय में बुधवार को सुनवाई के लिए आने वाले मामलों की सूची के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ मौलाना कमाल-ुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से दाखिल अपील पर सुनवाई कर सकती है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में 16 मार्च को न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की पीठ ने विवादित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर से संबंधित याचिकाओं की नियमित सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख तय की थी और कहा था कि वह स्थल का निरीक्षण करेगी।

## 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के दौरान जब्त की गई सिख वस्तुओं को लेकर सेना, सीबीआई, केंद्र से जवाब तलब

**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के दौरान कथित तौर पर जब्त की गई और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को सौंपी गई पांडुलिपियों, धार्मिक ग्रंथों एवं अन्य वस्तुओं के खुलासे का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर सेना, केंद्र और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति रमेश कुमारी की पीठ ने लुधियाना निवासी एक व्यक्ति की ओर से 2019 में दायर याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सेना, केंद्र और सीबीआई को नोटिस जारी किए। याचिका में एसजीपीसी को यह बताने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे धार्मिक ग्रंथ, पांडुलिपियां और अन्य वस्तुएं कहां हैं, जिन्हें 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के दौरान कथित तौर पर जब्त किया गया था और एसजीपीसी को सौंप दिया गया था। 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' एक जून से 10 जून 1984 के बीच जरनैल सिंह भिंडरांवाले के नेतृत्व वाले आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया एक सैन्य अभियान था, जो अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर में छिपे हुए थे।

## अदालत ने व्याकरणिक त्रुटियों वाली शिकायत दायर करने के लिए वादी पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने व्याकरण संबंधी त्रुटियों और अर्थहीन शब्दों से भरी एक शिकायत दायर करने के लिए एक वादी पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि यह आवेदन मानवीय निगरानी के बिना तकनीकी हस्तक्षेप या एआई-संचालित मसौदा तैयार करने वाले उपकरणों पर निर्भरता का एक उदाहरण है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा मित्तल एक महिला की शिकायत पर सुनवाई कर रही थीं, जिसमें दिल्ली पुलिस को एक प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# व्यक्तिगत लाभ के लिए हमेशा किसी विशेष समुदाय का तुष्टिकरण करते हैं राहुल गांधी : नितिन नवीन



**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि वह (राहुल) व्यक्तिगत लाभ के लिए हमेशा एक खास समुदाय का तुष्टिकरण करते हैं। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के बाद नवीन ने यह टिप्पणी की। भाजपा अध्यक्ष ने यह बयान उस समय दिया जब एक दिन पहले राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलक्कड़ दौरे के दौरान शबरिमला मंदिर के सोने के नुकसान के मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया था। नवीन ने कहा कि केरल की जनता राहुल गांधी के असली चेहरे को जानती है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए कहा, केरल के लोग आपकी तुष्टिकरण की राजनीति से परिचित हैं और जानते हैं कि आप एक विशेष समुदाय का पक्ष लेते हैं। अपने लाभ के लिए आपने हमेशा दूसरे समुदाय को खुश करने की कोशिश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल शबरिमला में सोने के नुकसान का मुद्दा तो उठा रहे थे, लेकिन जब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कथित तौर पर हिंदू समुदाय और उसकी मान्यताओं का अपमान किया, तब राहुल 'चुप' रहे। राहुल ने सोमवार को शबरिमला मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की कथित चुप्पी पर सवाल उठाया। राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया था कि वे जहां भी जाते हैं, मंदिरों और धर्म की बात करते हैं, लेकिन पलक्कड़ दौरे के दौरान शबरिमला में हुई घटना पर उन्होंने कुछ नहीं कहा।

# पूर्वी, मध्य और उत्तर-पश्चिमी भारत में भीषण गर्मी वाले दिन अधिक रहने की आशंका: आईएमडी



**नयी दिल्ली :** पूर्वी, मध्य और उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों तथा दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में अप्रैल से जून के बीच भीषण गर्मी वाले दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को अपने मासिक पूर्वानुमान में यह बात कही। आईएमडी के मुताबिक, अप्रैल से जून के बीच देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रहने का अनुमान है। विभाग ने बताया कि पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों तथा मध्य भारत के पूर्वी भागों और उससे सटे प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, गर्मी के मौसम (अप्रैल-मई-जून) के दौरान महाराष्ट्र और तेलंगाना के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। विभाग ने कहा कि अप्रैल में देश के कई हिस्सों में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। हालांकि, आईएमडी ने कहा कि अप्रैल में पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के कई हिस्सों तथा उत्तर-पश्चिमी भारत और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। विभाग ने बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, सिवाय दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ क्षेत्रों के, जहां अप्रैल के दौरान मासिक न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि अप्रैल में देश में औसतन सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। विभाग ने कहा, पूर्वोत्तर भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है।

# बिहार: दो अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी में भारी नकदी बरामद, लग्जरी वाहन जब्त

**पटना :** बिहार पुलिस ने मंगलवार को राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति के दस्तावेज, भारी नकदी और कीमती सामान बरामद किए। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा जारी बयान के अनुसार, छापेमारी के दौरान महंगी गाड़ियां और घड़ियां भी जब्त की गयीं। इकाई ने रविवार को दोनों अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोप में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। आरोपी अधिकारियों में किशनगंज के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) गौतम कुमार और सहरसा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के निदेशक वैभव कुमार शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पटना स्थित विशेष सतर्कता अदालत से वारंट मिलने के बाद दोनों आरोपियों के छह-छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि गौतम कुमार ने अपनी घोषित आय से 60.27 प्रतिशत अधिक संपत्ति कथित तौर पर अर्जित की जबकि वैभव कुमार के पास ज्ञात आय से 78.03 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली। बयान में बताया गया, गौतम कुमार के पूर्णिया स्थित आवास से 25 भूखंडों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए, जिन्हें संदिग्ध बेनामी संपत्ति माना जा रहा है।

# कांग्रेस ने असम के युवाओं की प्रतिभा, क्षमताओं का दुरुपयोग किया : राजनाथ



**तेजपुर/डेरगांव (असम) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को असम में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पर राज्य के युवाओं की प्रतिभा और क्षमताओं का ''दुरुपयोग'' करने का आरोप लगाया तथा लोगों से पार्टी को कभी माफ न करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों की फिक्र है और उसने अपने शासनकाल में असम के साथ ''सौतेला'' व्यवहार किया। तेजपुर और डेरगांव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के समर्थन में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''कांग्रेस ने हमेशा असम के युवाओं, उनकी प्रतिभा और क्षमताओं का दुरुपयोग किया है। उसे माफ नहीं किया जाना चाहिए।'' उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियंक खरगे ने असम के उद्योगीकरण का विरोध किया था। सिंह ने कहा कि यह पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं का ''अपमान'' है और कांग्रेस से माफी की मांग की। रक्षा मंत्री ने कहा, ''कांग्रेस की एकमात्र चिंता बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं, जिनका इस्तेमाल वह अपने वोट बैंक के लिए करती है।

# निजी डेटा का संग्रह नहीं किया जाता: खुफिया जानकारी के उपयोग पर गृह मंत्रालय का स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने एक संसदीय समिति को बताया है कि सुरक्षा एजेंसियां जानकारी जुटाने के लिए सोशल मीडिया सहित सार्वजनिक स्रोतों से प्राप्त खुफिया जानकारी का उपयोग करती हैं। इसके साथ ही मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि निजी डेटा का संग्रह नहीं होने के कारण निजता का कोई उल्लंघन नहीं होता है। मंत्रालय ने लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी स्थायी समिति (2024-25) के समक्ष यह जानकारी दी, जिसने सोमवार को अपनी रिपोर्ट पेश की। समिति ने मंत्रालय से यह जानना चाहा था कि इंटरनेट और सोशल मीडिया से जानकारी जुटाते समय वह निजता के मुद्दे से कैसे निपटता है। मंत्रालय ने समिति से कहा, ''इंटरनेट और सोशल मीडिया मंचों पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का उपयोग खुफिया जानकारी जुटाने के लिए किया जाता है। सोशल मीडिया से कोई निजी या व्यक्तिगत जानकारी नहीं एकत्र की जाती है। इसलिए, निजता का कभी उल्लंघन नहीं होता है।'' मंत्रालय ने कहा कि अधिकृत सुरक्षा एजेंसियां केवल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध स्रोतों से ''ओपन-सोर्स'' तकनीक का उपयोग कर जिस प्रकार का डेटा एकत्र कर सकती हैं, उसमें सोशल मीडिया पोस्ट जैसे सार्वजनिक ट्वीट, फेसबुक पोस्ट, यूट्यूब वीडियो, 'डीपफेक' या फर्जी खबरें या गलत सूचनाएं शामिल हो सकती हैं, जिनमें सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाली वायरल भड़काऊ सामग्री भी शामिल है। इस तकनीक का उपयोग धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों या लिंक की निगरानी के लिए किया जा सकता है, उदाहरण के लिए ऑनलाइन जुआ, नौकरी घोटाले और फर्जी निवेश घोटाले आदि में। इस प्रक्रिया के उदाहरण देते हुए मंत्रालय ने कहा कि इसका उपयोग वैवाहिक और 'डेटिंग' मंचों पर धोखाधड़ी के लिए, और ''डार्क वेब से क्रिप्टोकरेंसी'' संबंधी पते प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने समिति को बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग खुफिया जानकारी जुटाने और खुफिया-रोधी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जिसमें चेहरे की पहचान, सोशल मीडिया विश्लेषण और नेटवर्क विश्लेषण, पैटर्न विश्लेषण और छिपे हुए संबंध आदि प्रमुख अनुप्रयोग शामिल हैं।

# पश्चिम एशिया संघर्ष का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस 'राजनीतिक गिद्ध' की तरह घात लगाए हुए है : मोदी



**थराद(गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जहां दुनिया युद्ध, अशांति और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रही है वहीं भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग से किया है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों में दहशत फैलाने का आरोप लगाया ताकि लोग पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगा सकें। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी की तुलना 'राजनीतिक गिद्धों' से करते हुए कहा कि वह (पश्चिम एशिया युद्ध से उत्पन्न) स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है। मोदी ने गुजरात के वाव थराद जिले के नानी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, अशांति और बढ़ती ईंधन कीमतों से जूझ रही है, भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला है।'' उन्होंने कहा कि कुछ दल, विशेषकर कांग्रेस, राष्ट्रीय एकता का समर्थन करने के बजाय दहशत और भय फैलाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा,''आज कांग्रेस लोगों को उकसाने में व्यस्त है। राजनीतिक गिद्धों की तरह, यह (कांग्रेस) स्थिति के बिगड़ने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि इसका फायदा उठाकर राजनीतिक बढ़त हासिल की जा सके।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, लेकिन केंद्र सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इसका बोझ आम जनता पर न पड़े। उन्होंने कहा,''कांग्रेस देश में अफरा-तफरी का माहौल बनाना चाहती है। वह उम्मीद कर रही है कि लोग पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर कतार लगाने के लिए विवश हो जाएंगे।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में जैन विरासत को समर्पित सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर के कोबा गांव में जैन विरासत और अहिंसा के मूल्यों को समर्पित नवनिर्मित 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जैन संतों के साथ महावीर जयंती के अवसर पर संग्रहालय का उद्घाटन किया। श्री महावीर जैन आराधना केंद्र में स्थित इस संग्रहालय का नाम सम्राट संप्रति महाराज (224-215 ईसा पूर्व) के नाम पर रखा गया है, जो सम्राट अशोक के पोते और मौर्य वंश के एक शासक थे, जिन्होंने जैन धर्म और अहिंसा के सिद्धांत का प्रचार-प्रसार किया। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि संग्रहालय में सदियों पुरानी दुर्लभ जैन कलाकृतियां और पारंपरिक विरासत वस्तुएं हैं, जिनमें जटिल रूप से गढ़ी गई पत्थर और धातु की मूर्तियां, लघु चित्र, चांदी के रथ, सिक्के और प्राचीन पांडुलिपियां शामिल हैं।

# देश में प्रति उपयोगकर्ता मासिक मोबाइल डेटा खपत 31 जीबी से अधिक

**नयी दिल्ली:** भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा की खपत वर्ष 2025 में 31 जीबी के आंकड़े को पार कर गई है जबकि वर्ष 2024 में यह खपत 27.5 जीबी थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया के वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक(एमबीइटी) के 13वें संस्करण में कहा गया है कि वर्ष 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 5जी नेटवर्क पर डेटा का कुल मासिक उपयोग एक साल पहले की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़कर 12.9 एक्साबाइट (ईबी) तक पहुंच गया है। इसके साथ ही, देश के कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी अब लगभग 47 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा खपत में हुई यह वृद्धि पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि दर को दर्शाती है। यह बढ़ोत्तरी उन्नत मोबाइल ब्रॉडबैंड के तीव्र विस्तार और कृत्रिम मेधा (एआई)



आधारित अनुप्रयोगों, उच्च गुणवत्ता वाले 4के वीडियो देखने और क्लाउड गेमिंग जैसी अधिक डेटा खपत वाली सेवाओं की बढ़ती मांग का परिणाम है। भारत में कुल डेटा उपयोग वर्ष 2025 में 27 एक्साबाइट प्रति माह को पार कर गया है। एक एक्साबाइट का मतलब एक अरब जीबी से थोड़ा अधिक होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपभोक्ता आधार वाला देश बन गया है। साथ ही, 5जी डेटा खपत और 'फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस' उपयोगकर्ताओं की संख्या के मामले में भी भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) प्रौद्योगिकी की मदद से घरों या कार्यालयों में केबल के बगैर उच्च गति का इंटरनेट मुहैया कराया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 5जी डेटा में एफडब्ल्यूए की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत को पार कर गई है और इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि देखी गई है। नोकिया इंडिया की नामित कंट्री मैनेजर विभा मेहरा ने कहा, नेटवर्क उपयोग के नए तरीकों और स्मार्ट सेवाओं के अनुरूप बदलने के समय नोकिया दूरसंचार कंपनियों के साथ मिलकर एक ऐसा भविष्य-उन्मुख और उच्च प्रदर्शन वाला बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका विस्तार आसानी से किया जा सके।

## एयरलाइंस पर युद्ध के प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी असंभव, हवाई किराये में पहले से वृद्धिः आईएटीए

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण एयरलाइन कंपनियों की संभावनाओं पर इसके पूरे प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी असंभव है। हालांकि, ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, सीमित क्षमता और एयरलाइंस के कम मुनाफे के चलते पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण हवाई किराये में पहले से ही वृद्धि हो रही है। यह जानकारी वैश्विक एयरलाइंस समूह आईएटीए ने मंगलवार को दी। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) लगभग 350 एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है, जिनमें एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी कंपनियां शामिल हैं। आईएटीए ने मंगलवार को बयान में फरवरी, 2026 के लिए वैश्विक यात्री मांग के आंकड़े



जारी किए और बताया कि राजस्व यात्री किलोमीटर (आरपीके) के संदर्भ में कुल मांग पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.1 प्रतिशत बढ़ी है। बयान के अनुसार, उपलब्ध सीट किलोमीटर (एएसके) के रूप में मापी जाने वाली कुल क्षमता में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि यात्रियों के संदर्भ में विमान क्षमता का उपयोग 81.4 प्रतिशत रहा, जो फरवरी का अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है।

## केंद्र ने 'जेजेएम 2.0' के तहत पांच राज्यों के लिए 1,561.53 करोड़ रुपये जारी किए

**नयी दिल्ली:** जल शक्ति मंत्रालय ने सुधारों से जुड़े समझौतों पर हस्ताक्षर और अनिवार्य शर्तों को पूरा करने के बाद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत पांच राज्यों को 1,561.53 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल जारी राशि में से उत्तर प्रदेश को 792.93 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ को 536.53 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 154.02 करोड़ रुपये, ओडिशा को 65.31 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र को 12.74 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह राशि राज्यों द्वारा जेजेएम 2.0 के तहत प्रमुख सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता जताने के बाद जारी की गई है। इन सुधारों में बेहतर जल सेवा वितरण मानक, स्थिरता के उपाय और ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणालियों का सामुदायिक प्रबंधन शामिल है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पहली बार 'प्रदर्शन-आधारित तंत्र' लागू किया गया है। इसके तहत राज्यों को पैसा जारी होने से पहले वित्तीय, तकनीकी और डेटा संबंधी मानकों को पूरा करना अनिवार्य है। अब तक 12 राज्यों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के साथ इन सुधार-आधारित समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### भारतीय वायु सेना को 1,950 करोड़ रुपये के सौदे में दो 'माउंटेन रडार' मिलेंगे

**नयी दिल्ली:** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार (पहाड़ों पर लगने वाले रडार) और उनसे जुड़े बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ 1,950 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने कहा कि इन रडार को लगाने और चालू करने से देश की हवाई सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा मज़बूत होगी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस खरीद से विदेशी उपकरणों पर निर्भरता भी कम होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार, उनसे जुड़े उपकरणों और ज़रूरी बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये के एक बड़े अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।'

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आरबीआई ने निर्यात ऋण अवधि 450 दिन तक बढ़ाई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक बाधाओं को देखते हुए निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद के लिए आवंटित ऋण की विस्तारित अवधि को 450 दिन तक बढ़ाने की घोषणा की। यह सुविधा अब 30 जून, 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर लागू होगी। निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद में दिया जाने वाला ऋण, निर्यातकों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता होता है। निर्यात-पूर्व ऋण का उपयोग निर्यात से पहले कच्चा माल खरीदने, उत्पादन और पैकेजिंग के लिए किया जाता है, जबकि निर्यात-पश्चात ऋण भेजे गए माल का भुगतान मिलने तक कार्यशील पूंजी जरूरतें पूरा करने में मदद करता है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा कि विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। हितधारकों का कहना था कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति शृंखला में व्यवधान के कारण निर्यात आय को तय समयसीमा में हासिल करना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले यह रियायत 31 मार्च, 2026 तक के वितरण के लिए उपलब्ध थी लेकिन अब इसे तीन महीने और बढ़ा दिया गया है। यह कदम पहली बार नवंबर, 2025 में वैश्विक व्यापार तनाव के बीच उठाया गया था। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्यात मूल्य की वसूली और उसे देश में वापस लाने की समयसीमा को नौ महीने से बढ़ाकर 15 महीने करने की पहले दी गई छूट जारी रहेगी। यह छूट वस्तुओं, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात पर लागू है। केंद्रीय बैंक ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक व्यवधानों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 30 जून, 2026 तक किए गए सभी वितरणों के लिए 450 दिन की बढ़ी हुई निर्यात ऋण अवधि लागू रहेगी।

## विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच डीजीसीए को मिला नया प्रमुख



**नयी दिल्ली:** विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नए महानिदेशक कार्यभार संभालने जा रहे हैं। निवर्तमान महानिदेशक फैज अहमद किदवई का स्थान वीर विक्रम यादव लेंगे। किदवई के कार्यकाल में डीजीसीए ने कई चुनौतियों का सामना किया। इनमें पिछले साल दिसंबर में इंडिगो में की उड़ानों भारी बाधाएं, विभिन्न एयरलाइंस में चूक, गैर-अनुसूचित परिचालकों के विमानों की दुर्घटनाएं और जून, 2025 में एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना शामिल है। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक होने के साथ, भारत में हवाई यातायात की मांग काफी अधिक है, जबकि परिचालन विस्तार की इच्छुक एयरलाइन कंपनियां विमानों की कमी और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितता के माहौल से जूझ रही हैं। ओडिशा कैडर के 1996 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी यादव वर्तमान में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, डीजीसीए के प्रमुख के रूप में एक वर्ष से कुछ अधिक समय बिताने के बाद, किदवई को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। विमानन सुरक्षा नियामक, डीजीसीए, हाल के दिनों में कई घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहा है, जिनमें दिसंबर, 2025 में इंडिगो के परिचालन में आई भारी बाधाएं शामिल हैं।

## इंडिगो ने आईएटीए के प्रमुख विलियम वॉल्श को सीईओ नियुक्त किया



**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विलियम वॉल्श को अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। यह घोषणा इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के पिछले साल दिसंबर में अचानक इस्तीफा देने के लगभग तीन सप्ताह बाद की गई है। वॉल्श को आमतौर पर 'विली' के नाम से जाना जाता है। वह इससे पहले ब्रिटिश एयरवेज और इंटरनेशनल एयरलाइंस ग्रुप (आईएजी) के सीईओ रह चुके हैं। आईएजी एक होल्डिंग कंपनी है जिसके तहत एयर लिंगस, ब्रिटिश एयरवेज, आइबेरिया, लेवल और वुएलिंग जैसी विमानन कंपनियां संचालित होती हैं।

### नए सीईओ की नियुक्ति के बाद राहुल भाटिया ने खुद को बताया 'कुछ ही दिनों का मेहमान'

**नयी दिल्ली:** इंडिगो के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने मंगलवार को खुद को 'कुछ ही दिनों का मेहमान' बताया। उनकी यह टिप्पणी एयरलाइन द्वारा विलियम वॉल्श को नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए जाने के बाद आई है। कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक संदेश में भाटिया ने कहा कि इंडिगो के लिए वॉल्श जैसे कद और अनुभव वाले नेतृत्व प्रदान करने वाला मिलना गौरव की बात है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा, 'मुझे इस बात का गर्व है कि उन्होंने इंडिगो के निदेशक मंडल के निमंत्रण को स्वीकार कर उस भरोसे और विश्वास को सम्मान दिया है, जिसे आप सभी ने सालों की मेहनत से खड़ा किया है... मुझे उम्मीद है कि तीन अगस्त, 2026 या उससे पहले मैं उन्हें कमान सौंपने का सौभाग्य प्राप्त कर सकूंगा!'

### सरकार ने पीएनजी नेटवर्क के विस्तार का काम तेज किया, मार्च में 2.7 लाख नए कनेक्शन जोड़े

**नयी दिल्ली:** भारत ने मार्च महीने में पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के 3.1 लाख से अधिक नए कनेक्शन के लिए गैस की आपूर्ति शुरू की दी है, जबकि जबकि 2.7 लाख अन्य नए कनेक्शन जोड़े हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के बंद होने से रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच सरकार ने स्वच्छ ईंधन नेटवर्क के विस्तार को और तेज कर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है जिसके माध्यम से भारत अपना अधिकांश एलपीजी का आयात करता है। युद्ध के कारण इस मार्ग के प्रभावित होने से एलपीजी की आपूर्ति में दिक्कतें आई हैं। हालांकि, देश की प्राकृतिक गैस की आधी जरूरत स्थानीय उत्पादन से पूरी होती है और शेष हिस्से के लिए सरकार ने विभिन्न विदेशी स्रोतों से इंतजाम किए हैं।

### ओरेकल ने भारत में 12,000 कर्मचारियों को हटाया, जल्द होगी एक और छंटनी

**नयी दिल्ली:** अमेरिकी आईटी कंपनी ओरेकल ने भारत में लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है और एक महीने के भीतर छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू होने का अनुमान है। पीड़ित कर्मचारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वैश्विक स्तर पर ओरेकल ने करीब 30,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। भारत में करीब 30,000 कर्मचारियों को रोजगार देने वाली ओरेकल ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। प्रभावित कर्मचारियों के मुताबिक, कंपनी ने ईमेल के जरिये उन्हें सूचित किया कि संगठनात्मक बदलावों के कारण कई पद अप्रासंगिक हो जाएंगे।




वर्ष 11, पूर्णांक 3548 अंक 014 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in